तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

12 मौसम की मार से इस बार बदली धान की खेती...



13 नवोदय की तैयारी में जुटे 2,000 विद्यार्थी...





# म्यूल खाता का बड़ा खेल, इंडियन बैंक एजेंट समेत 13 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

म्यूल खातों का बड़ा खेल में पुलिस ने बैंक के एजेंट समेत 13 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। इनमें एक इंडियन बैंक का एजेंट भी शामिल है। आरोपी 5 हजार से 15 हजार रुपए तक कमीशन के लालच में अपने या दूसरे लोगों के बैंक खाते साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया करता था। पुलिस की जांच में इन खातों के जरिए लाखों रुपए का संदिग्ध लेन-देन का पता चला है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि 21 अक्टूबर को चलाए गए अभियान में थाना नेवई, पुरानी भिलाई, भिलाई भट्ठी, भिलाई नगर, सुपेला और खुर्सीपार की टीमों के साथ एसीसीयू ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, मोबाइल फोन, अन्य दस्तावेज जब्त किया है। जांच में बात सामने आई कि आरोपी कमीशन के बदले अपने बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज और सिम कार्ड दूसरों को दिया करते थे। खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से मिली रकम जमा करने और उसे अलग-अलग खातों में भेजने के लिए किया जाता था। पुलिस ने बैंक खातों में हुए लेन-देन और तकनीकी साक्ष्यों की जांच के बाद जुड़े लोगों की भूमिका का पता लगाया। इसी के आधार पर अलग-अलग थानों में दर्ज मामलों में कार्रवाई की गई। पुलिस अब इन खातों के जरिए हुए लेन-देन और उनसे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### 1200 म्यूल खातों की पहचान

पुलिस ने बताया कि जिले में चला रहे म्यूल खातों का इस्तेमाल करने वाले 1200 खातों की पहचान पुलिस ने कर लिया है। इसके अलावा 2000 खातों पर पुलिस जांच कर पहचान करने में जुटी हुई है। अब तक करीब 3 करोड़ की राशि को फ्रीज किया गया है। बैंक खातों के लेनदेन में केवाईसी दस्तावेज, इंटरनेट बैंकिंग लॉग,यूपीआई ट्रांसजेक्शन समेत अन्य डिजिटल साक्ष्यों का पड़ताल में पुलिस कर रही है। पुलिस ने अब तक 250 म्यूल खाते के मामले में आरोपी पकड़े जा चुके है।

### 5 से 15 हजार रुपए कमीशन, कई दस्तावेज भी पुलिस को मिले




### इन थानों से पकड़े गए हैं आरोपी

थाना नेवई से आजाद चौक, झिरिया पारा, रूआबांधा निवासी प्रेक्षित कामड़े , केएलसी क्वार्टर 36 एफ, खुर्सीपार सत्यवान नायक , बापू नगर, जोन-2, सेक्टर-11, खुर्सीपार रैय्या माधव राव, सड़क-15, बी ब्लॉक, क्वार्टर 7/3, सेक्टर-2 रमेश कुमार कुर्रे , थाना भिलाई तीन धौराभाठा, उतई विनोद कश्यप , प्रियदर्शनी मार्केट, जोन-2, खुर्सीपार भावेश उइके, शीतला मंदिर वार्ड, अहिवारा ऋषभ यादव, थाना भिलाई भट्ठी से ग्राम गबदी पारा, थाना पाटन कुलेश्वर ठाकुर, भिलाई नगर से कैंप-1, प्रगति नगर, छावनी गगनदीप सिंह, लिंक रोड, कैंप-2 अनिश अग्रवाल , सुपेला दुर्गा मंदिर, खुर्सीपार आनंद शंकर, मछली मार्केट, जोन-2, खुर्सीपार नितिन वालेचा , सत्यभामा चौक, डीपीसी ग्राउंड, शंकर नगर, दुर्ग इंडियन बैंक का एजेंट हिमांशु गोडांने उर्फ कालू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 318(2), 318(3) और 317(4) के तहत कार्रवाई किया है।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट

**भिलाई।** जबरन घर में घुसकर मारपीट गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने युवक और महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि विक्की देवांगन 20 अक्टूबर को अपने मां नीता देवांगन के साथ घर पर था। उसकी शादी धमतरी निवासी पूजा देवांगन के साथ 2021 में हुई थी। वर्ष 2022 से दोनो अलग अलग होकर रह रहे है। पत्नी अपने मायके धमतरी में अपने माता-पिता के साथ रहती है। पीड़ित के परिवार के ऊपर दहेज प्रताडना व घरेलू हिंसा का अपराध की थी। जिसका केश चल रहा है, दोनो के बीच भरण पोषण, तलाक का केश न्यायालय में लंबित है। बावजूद पूजा देवांगन अपने साथी अजय दास के साथ घर के भीतर अंदर जबरदस्ती घुस गई। माता पिता से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगी। पूजा के दोस्त अजय दास के साथ बिना अनुमति के घर के भीतर प्रवेश कर गाली गुप्तार किया।

### हादसे को लेकर सीएम हेल्प लाइन में शिकायत

**भिलाई।** केनाल रोड पर अवैध रुप से हेवी वाहनों के बढ़ने से लगातार हादसा हो रहा है। जिसे लेकर आम आदमी पार्टी ने सीएम हेल्प लाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराया है। आप नेता जसप्रीत सिंह ने कैनाल रोड ट्रांसपोर्ट नगर से भिलाई पॉवर हाउस तक पर अनियंत्रित, अवैध रूप से खड़े होने वाले भारी वाहनों ट्रेलर एवं ट्रक की गंभीर समस्या को लेकर चिंता जताई है।

## भिलाई निगम में 16.85 लाख से अधिक भुगतान का मामला

# पेवर ब्लॉक घोटाले की कार्रवाई में हाईकोर्ट की रोक, आधा दर्जन डिप्टी इंजीनियर हैं घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में हाईकोर्ट ने संबंधित इंजीनियरों को अंतरिम राहत दी है। हाईकोर्ट ने दुर्ग कलेक्टर की कार्रवाई और वसूली संबंधी निर्देशों के साथ नगर निगम के मुख्य अभियंता की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति बिभु दत्त गुरु की एकलपीठ में हुई।

कोर्ट ने राज्य शासन, कलेक्टर दुर्ग और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 9 दिसंबर 2026 को होगी।इस मामले की सुनवाई बिलासपुर हाईकोर्ट न्यायमूर्ति बिभु दत्त गुरु की एकलपीठ में हुई। कोर्ट ने राज्य शासन, कलेक्टर दुर्ग और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर 2026 को होगी।

### हाईकोर्ट में 9 दिसंबर को होगी मामले की फिर सुनवाई


जांच रिपोर्ट में 21 कार्यों में गड़बड़ी का खुलासा, दावा कई फाइलें दबाने के साथ हुई गायब

भिलाई निगम पेवर ब्लॉक घोटाला - सांसद की शिकायत पर जांच, रिपोर्ट में निगम पर सहयोग न करने का आरोप

अभी भी अपने पदों पर कार्य कर रहे दोषी इंजीनियर, होगी कार्रवाई नहीं

### 29 अनुबंधों की जांच, 21 में मिली गड़बड़ी

जांच रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023-24 में पेवर ब्लॉक निर्माण के 29 अनुबंधों की जांच की गई थी। इनमें से 21 अनुबंधों में माप पुस्तिका में दर्ज निर्माण की मात्रा और मौके पर मिली वास्तविक मात्रा में अंतर पाया गया। जांच प्रतिवेदन में 16 लाख 85 हजार 457 रुपए के कथित अधिक भुगतान का उल्लेख है। इसी आधार पर संबंधित अभियंताओं और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और राशि की वसूली की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

### कलेक्टर के निर्देश के बाद जारी हुए थे नोटिस

शिकायतों के बाद दुर्ग कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंताओं से संयुक्त जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट 27 अगस्त 2026 को तैयार हुई। इसके बाद 3 सितंबर को कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर संबंधित अभियंताओं और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और कथित अधिक भुगतान की वसूली के निर्देश दिए। इसके पालन में नगर निगम के मुख्य अभियंता ने 16 सितंबर 2026 को संबंधित अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए। उप अभियंता अर्पित बंजारे ,उप अभियंता प्रभा लकड़ा, उप अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता पुरूषोतम सिन्हा, उप अभियंता कृष्णा जंघेल, उप अभियंता चंदन निर्मलकर और उप अभियंता रीमा जांबुलकर व श्वेता महिश्वर ने इन नोटिसों को हाईकोर्ट में चुनौती दी।

### इंजीनियरों की दलील- पक्ष रखने का मौका नहीं मिला

याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि, जांच के दौरान उन्हें अपना पक्ष रखने या जांच प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर नहीं दिया गया। उनका कहना था कि उनकी बात सुने बिना जांच रिपोर्ट में उनके नाम शामिल किए गए। कार्रवाई और वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इंजीनियरों ने यह भी तर्क दिया कि कलेक्टर के पत्र में पहले ही कठोर कार्रवाई और वसूली के निर्देश दे दिए गए थे। ऐसे में बाद में जारी कारण बताओ नोटिस के जरिए पक्ष रखने का अवसर देना महज औपचारिकता बन गया। याचिकाकर्ताओं ने इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत बताया।इंजीनियरों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी तथा अधिवक्ता जैनब मुस्तफा वनक और अपूर्वा निगम ने पक्ष रखा।

### शासन ने कार्रवाई को बताया नियमानुसार

राज्य शासन की ओर से दलील दी गई कि कलेक्टर ने शिकायतों के आधार पर कराई गई जांच के निष्कर्षों के अनुसार निर्देश जारी किए थे। शासन ने कलेक्टर के पत्र और कारण बताओ नोटिस को नियमानुसार बताया। प्रतिवादियों ने जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कलेक्टर के 3 सितंबर के पत्र और मुख्य अभियंता के 16 सितंबर के नोटिस के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी।

### 42 करोड़ के काम और 30 करोड़ के हिसाब पर भी उठे थे सवाल

इससे पहले नगर निगम भिलाई की परियोजना शाखा के पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों को लेकर करीब 42 करोड़ रुपए के काम और उनके हिसाब-किताब पर सवाल उठे थे। पूर्व में सामने आई जानकारी के मुताबिक, लगभग 30 करोड़ रुपए के कार्यों का पूरा हिसाब नहीं मिलने और कई फाइलों की जांच नहीं हो पाने की बात कही गई थी। हाईकोर्ट की मौजूदा रोक से इंजीनियरों को अंतरिम राहत पहुंची है। इसे जांच में दर्ज अनियमितताओं या संबंधित इंजीनियरों की जिम्मेदारी पर अंतिम फैसला नहीं माना जा सकता। मामले में आगे की सुनवाई और जवाबों के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# जेडी स्टील के डॉयरेक्टर और ठेकेदार पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रसमड़ा स्थित जेडी स्टील इंडस्ट्रीज में 17 अक्टूबर को हुए हादसे में संतोष श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। मामले में अंजोरा पुलिस ने प्लांट के डायरेक्टर शिव कुमार गोयल और ठेकेदार गजानंद के खिलाफ अपराध कायम किया है। पुलिस ने बताया कि घटना की रात जेडी स्टील इंडस्ट्रीज प्लांट में इंडक्शन फर्नेस का ट्रायल चल रहा था। तभी बड़ी मात्रा में पिघला हुआ मेटल बाहर आ गया, जिसकी चपेट में श्रमिक संतोष गंभीर रूप से झुलस गया। उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस की शुरुआती जांच में प्लांट संचालन के दौरान लापरवाही का संदेह जताई गई है। हादसे के बाद औद्योगिक सुरक्षा और प्लांट संचालन से जुड़े पहलुओं की जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 289 और 106(1) के तहत डायरेक्टर और ठेकेदार की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। संतोष कुमार श्रीवास्तव स्टील प्लांट में काम करता था। घटना की रता 1 बजे प्लांट में इस्तेमाल होने वाली टिंडिस मशीन का एक हिस्सा का नोजल नीचे आ गया। तभी मशीन से निकलने वाला पिघला लोहा उनके शरीर पर गिर गया। लोहे का तापमान करीब 1500 से 1600 डिग्री सेल्सियस था। पिघले लोहे की चपेट में आने से संतोष का पूरा शरीर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद उसे इलाज के लिए भिलाई के सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन संतोष की मौत हो गई।



मृतक

### औद्योगिक स्वास्थ्य-सुरक्षा विभाग ने किया था निरीक्षण

बताया गया कि हादसे के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य-सुरक्षा विभाग ने कारखाना का निरीक्षण किया था। विभाग की शुरुआती जांच रिपोर्ट के मुताबिक, पिघली धातु के संचालन के दौरान तकनीकी प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई थी। टंडिश की बॉटम प्लेट फट गई और गर्म मेटल श्रमिक संतोष श्रीवास्तव पर गिर गया। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए जांच पूरी होने तक संबंधित फर्नेस, लैडल, टंडिश, नोजल और कंटीन्यूअस कास्टिंग मशीन के संचालन पर रोक लगा दी गई थी। प्लांट प्रबंधन को सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए गए थे। हादसे के बाद प्लांट प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि देने की खबर है।

### भूमिका की जांच की जा रही

हादसे के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। श्रमिक की मौत के बाद जेडी स्टील कंपनी के डॉयरेक्टर, ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। जांच में हादसे की परिस्थितियों, सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों की भूमिका को खंगाला जा रहा है। -शोभराज अग्रवाल, एएसपी

# दुर्गा पंडाल की दान पेटी और शकुन टॉवर से कॉपर वायर पार करने वाले धरे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्गा पंडाल की दान पेटी से रकम परा कर शकुन टावर के एसी का कॉपर वायर चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो अपचारी बालक और दो युवको को पुलिस ने पकड़ा है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि अटल परिसर, वसुंधरा नगर, भिलाई तीन निवासी नितिश दुबे की शिकायत पर शकुन टावर में स्थित जिम के एसी का कॉपर वायर भवन के पीछे की ओर लगा हुआ था। अज्ञात ने उसे पार करने की शिकायत की थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेहियों को

■ भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना



थाना लाकर पूछताछ किया। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर दो अपतारी बालक व दो युवकों में बजरंग पारा, भिलाई तीन निवासी राजू चेलक, आदित्य नायक शामिल है। दो अपचारी बालक भी पकड़े गए। उनके पास से पुलिस ने दो किलो क़पर वायर, 1200 रुपए नगद जब्त किया है।

# डीजे गाने में डांस को लेकर मारा चाकू, एक युवक गंभीर

**भिलाई।** डीजे के गाने में नाचने को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी के एक मामले में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। घटना नेवई थाना क्षेत्र की है।पुलिस ने बताया कि रुआबांधा में जय और नाबालिग भाई ने सागर और गणपत को डीजे के गाने में डांस करने को लेकर विवाद किया। इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि जय ने गणपत के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। चाकू लगने के बाद गणपत गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। गणपत के गिरने पर आसपास में अफरा-तफरी मच गई और घायल को उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल लेकर जाया गया। जहां गंभीर अवस्था में उसका उपचार जारी है। एएसपी शोभराज अग्रवाल ने बताया कि बीती रात रुआबांधा में धारदार हथियार से युवक पर हमला किया गया। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज भी खंगाल रही है। घटना में शामिल सभी युवकों की पहचान में जुटी हुई है।

# तेज रफ्तार वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा, 9 माह में 9,216 चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से सड़कों पर गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वाले चालकों पर निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा वाहनों में प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों पर भी कार्रवाई किया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा वर्ष 2026 के जनवरी से सितंबर माह तक इंटरसेपटर वाहन से कुल 9,216 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 69. 44 लाख रुपए का समन शुल्क वसूला गया। ट्रैफिक पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, अनावश्यक रूप से प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करें। इसके अलावा शराब सेवन के बाद किसी भी स्थिति में वाहन न चलाएं। ट्रैफिक नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा में भी सहभागी बनें।




## दुर्ग का तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस हुआ कम

# 24 अक्टूबर तक गिरेगा न्यूनतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई


मानसून की विदाई के बाद अब दुर्ग जिले में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट शुरू हो गई है। रात के तापमान में कमी आने से हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। जिले में न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.3 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने 24 अक्टूबर तक न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई है। इससे आने वाले दिनों में सुबह और रात के समय ठंड का असर बढ़ सकता है।

■ अक्टूबर महीने में न्यूनतम तापमान का गिरना शुरू

अक्टूबर में मौसम के बदलते मिजाज के बीच फिलहाल दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ने लगा है। दिन में धूप के कारण गर्मी महसूस हो रही है, जबकि रात में तापमान कम होने से मौसम अपेक्षाकृत सुहाना रहने लगा है। मौसम में इस बदलाव का असर आने वाले दिनों में और स्पष्ट होने की संभावना है। हालांकि, नवंबर में तेज ठंड पड़ने के आसार हैं।

### अक्टूबर में दिन गर्म, नवंबर में बढ़ेगी ठंड

मौसम के जानकारों के मुताबिक, अक्टूबर का महीना तापमान में उतार-चढ़ाव के लिए जाना जाता है। इस दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के बाद आसमान साफ होने लगता है। बादलों की मात्रा कम होने से दिन में धूप का असर बना रहता है, जबकि रात के समय धरती की गर्मी तेजी से बाहर निकलती है। इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आने लगती है। दुर्ग-भिलाई में भी इसी तरह का बदलाव दिखाई देने लगा है।



### 24 तक न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी रह सकता है। 24 अक्टूबर तक रात के तापमान में कमी आने की संभावना है। हालांकि, दिन के तापमान में बड़ी गिरावट के आसार फिलहाल नहीं हैं। ऐसे में दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंड का मिला-जुला असर बना रह सकता है।

### नवंबर में तेज ठंड के लिए करना होगा इंतजार

अक्टूबर में न्यूनतम तापमान में गिरावट के बावजूद अभी कड़ाके की ठंड के लिए इंतजार करना होगा। नवंबर में तापमान में और गिरावट आने के साथ ठंड का असर बढ़ने की संभावना रहती है। फिलहाल दुर्ग जिले में मौसम धीरे-धीरे सर्दी की ओर बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में रात का पारा कितना नीचे जाता है, इससे ठंड की शुरुआत और उसके असर का अंदाजा लगेगा।

### पावरहाउस ब्रिज में लोहा चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लोहा चोर अब पावरहाउस ओवरब्रिज के लोहे की रेलिंग को भी नहीं छोड़ रहे हैं। दोनों ओर कई जगह कटर से लोहे के एंगल को काट दिया गया है । इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। टाउनशिप से नंदिनी रोड के ढलान पर कई स्थानों पर तीन से चार फीट के लंबी रेलिंग गायब है। व्यवसायियों ने बताया कि लोहा चोर जब स्ट्रीट लाइट बंद रहती है तो हाथ साफ करते हैं। नीचे कबाड़ी की गाड़ी भी खड़ी रहती है। निकट ही छावनी थाना होने के बाद भी चोरों को कोई भय नहीं है। पावर हाउस के अलावा टाउनशिप के हावड़ा ब्रिज के भी कई एंगल को चोर पार कर रहे हैं। हावड़ा ब्रिज पर आवाजाही बंद होने से सन्नाटा पसरा होता है। इसका फायदा अराजक तत्व उठा रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजन पुरस्कार के लिए आवेदन 25 तक

**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए सर्वोत्तम दिव्यांग कर्मचारी, दिव्यांगजनों के सर्वोत्तम नियोक्ता और सर्वोत्तम स्वैच्छिक संस्था सहित विभिन्न श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दृष्टिहीन, श्रवण बाधित, अस्थि बाधित तथा प्रमस्तिष्क अंगाघात, बहुविकलांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पात्र व्यक्ति, स्वैच्छिक संस्थाएं एवं नियोक्ता निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन संबंधी नियम एवं शर्तें उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन 25 अक्टूबर तक कार्यालय समाज कल्याण विभाग, जिला दुर्ग में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### युवा रत्न सम्मान योजना हेतु 30 तक आवेदन

**दुर्ग।** राज्य सरकार द्वारा युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार योजना के तहत 15 से 29 वर्ष की आयु के ऐसे युवाओं के व्यक्तिगत क्षमता विकास तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान की जाएगी। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इच्छुक पात्र युवा निर्धारित अवधि में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय, रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### तहसील रिसाली साहू समाज की बैठक आज

**भिलाई।** तहसील साहू संघ रिसाली की बैठक 22 अक्टूबर गुरुवार को शाम 5.30 बजे कर्मा भवन इस्पात नगर रिसाली में आयोजित किया गया है। संघ के अध्यक्ष डॉ. कामता प्रसाद साहू ने बताया कि बैठक में नगर निगम रिसाली के आगामी चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। साहू समाज के वर्तमान पार्षदगण और चुनाव में पार्षद पद हेतु चुनाव लड़ने के इच्छुक सदस्यों को बैठक में आमंत्रित किया गया है।

# बंद सुलभ शौचालय, निकुम व डुंडेरा स्वास्थ्य केंद्र में स्टॉफ की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी प्रफुल्ल गुप्ता ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 42 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम डुंडेरावासी ने विकासखंड निकुम के ग्राम डुंडेरा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ अथवा चिकित्सक की नियुक्ति कर नियमित संचालन सुनिश्चित कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्रामीण एवं वार्डवासी प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य परामर्श तथा आवश्यक दवाईयों के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है। वर्तमान में पदस्थ नर्स एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी विभिन्न शासकीय कार्यो में लगाए जाने के कारण कई बार उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद रहता है। इससे मरीजों बुजुर्गो, महिलाओं एवं बच्चों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता है। इस पर एसडीएम ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उचित कार्यवाही करने को कहा।

## कलेक्टर जनदर्शन में लोगों ने की शिकायत, समस्या निराकरण की मांग



### पार्षद ने सुलभ शौचालय का संधारण कराने दिया आवेदन

वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा, हुड़को क्वार्टर के पास स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय का संधारण कार्य तीन माह से बंद होने के कारण वार्डवासियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और राहगीरों को शौचालय की सुविधा नहीं मिल पा रही है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा संधारण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, उसके बाद भी अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। जनहित को ध्यान में रखते हुए शौचालय का कार्य जल्द शुरू कराने तथा साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा, कैम्प-2 के विभिन्न स्थानों, विवेकानंद नगर, मजार लाइन, हुडको क्वार्टर सहित 11 स्थानों पर खराब स्ट्रीट लाइटों के संधारण और आवश्यकता अनुसार नई लाइट लगाने की मांग की। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## धान में आने लगी बालियां, दीवाली के बाद खलिहानों में पहुंच जाएगा

# मौसम की मार से इस बार बदली धान की खेती

# 65 प्रतिशत किसानों ने चुनी अर्ली वैरायटी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

### लेट वैरायटी की फसल तैयार होने में लगेगा एक महीना

मौसम की अनिश्चितता, कीट-व्याधियों के खतरे और समय पर धान बेचने की जरूरत ने दुर्ग जिले के किसानों की खेती का पैटर्न बदल दिया है।

पहले जहां किसान अधिक उत्पादन और लंबी अवधि वाली धान की किस्मों को प्राथमिकता देते थे, वहीं अब बड़ी संख्या में किसान कम अवधि में पकने वाली अर्ली वैरायटी की ओर रुख कर रहे हैं। इस खरीफ सीजन में जिले के 65 प्रतिशत से अधिक किसानों ने अर्ली वैरायटी का धान लगाया है।

दुर्ग जिले में इस खरीफ सीजन में लगभग 1.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसल ली जा रही है। इसमें करीब 1.24 लाख हेक्टेयर में धान की खेती की गई है। जिले में 1.34 लाख किसान हैं। इनमें से करीब 87 हजार किसान अरली वेरायटी धान की खेती कर रहे हैं। अर्ली वैरायटी की खेती बढ़ने के पीछे एक प्रमुख वजह यह है कि किसान नवंबर में समर्थन मूल्य पर धान बेचने की तैयारी समय से कर सकें। फसल जल्दी पकने पर कटाई, मिंजाई और उपज को बेचने की प्रक्रिया पहले पूरी की जा सकती है। इससे खेत खाली होने के बाद किसान रबी सीजन की फसलों की बोनी की तैयारी भी कर सकते हैं।



### मौसम के जोखिम से बचने की कोशिश

पिछले कुछ वर्षों में मानसून की अनियमितता ने खेती की पारंपरिक समय-सारिणी को प्रभावित किया है। कभी बारिश देर से शुरू होती है, तो कभी लंबे अंतराल तक बारिश नहीं होती। वहीं, कई बार लगातार बारिश से खेतों में नमी बढ़ जाती है। ऐसी परिस्थितियों में लंबी अवधि वाली धान की किस्मों की कटाई प्रभावित होने का खतरा रहता है। फसल खेत में अधिक समय तक खड़ी रहने से मौसम के साथ कीट-व्याधियों का जोखिम भी बढ़ सकता है।इसी वजह से किसान ऐसी किस्मों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिनकी कटाई अपेक्षाकृत जल्दी हो सके। कृषि जानकारों के अनुसार, कम अवधि वाली किस्में किसानों को मौसम के जोखिम से निपटने और खेती की अगली तैयारी करने में मदद कर सकती हैं। हालांकि, किस्म का चयन मिट्टी, पानी की उपलब्धता, क्षेत्र की जलवायु और उत्पादन क्षमता को ध्यान में रखकर करना जरूरी है।

### लेट वैरायटी के किसानों की बढ़ी चिंता

जिले में जिन किसानों ने देर से पकने वाली धान की किस्मों की खेती की है, उन्हें अभी कटाई के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। इन खेतों में फसल को पकने में करीब एक महीना और लगने की संभावना है। ऐसे में किसानों के सामने मौसम की अनिश्चितता के बीच फसल को सुरक्षित रखने की चुनौती है। खेतों में धान की बालियां निकलने और दाने भरने की अवस्था में तापमान, नमी और बारिश में बदलाव का असर पड़ सकता है। दूसरी ओर, समय से पहले पकने वाली फसल में भी किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है। बालियों में दाने भरने और पकने की अवस्था में फसल की नियमित निगरानी जरूरी है, ताकि किसी तरह की बीमारी या कीट के प्रकोप का समय रहते पता लगाया जा सके। किसान चाहते हैं कि फसल सुरक्षित तरीके से पक जाए और कटाई के दौरान उन्हें नुकसान न उठाना पड़े।

### रबी की तैयारी के लिए भी अहम

अक्टूबर का महीना किसानों के लिए दोहरी अहमियत रखता है। एक ओर खरीफ की फसल की कटाई शुरू होती है, तो दूसरी ओर रबी सीजन की तैयारी भी करनी पड़ती है। अर्ली वैरायटी की कटाई जल्दी पूरी होने से किसानों को खेत तैयार करने, मिट्टी में नमी का आकलन करने और अगली फसल की बोनी की योजना बनाने का अवसर मिलता है। इसके विपरीत, देर से पकने वाली किस्मों के कारण रबी फसल की तैयारी में देरी हो सकती है।

### समय पर कटाई और सुरक्षित उपज पर नजर

किसानों के लिए अब खेती में केवल अधिक उत्पादन हासिल करना ही पर्याप्त नहीं रह गया है। मौसम के जोखिम को कम करना, फसल को सुरक्षित पकाना, समय पर कटाई करना और उपज को बेचने की व्यवस्था करना भी उतना ही महत्वपूर्ण हो गया है। अर्ली वैरायटी की ओर बढ़ता रुझान इसी बदलती जरूरत को दर्शाता है। हालांकि, इसका लाभ तभी मिलेगा, जब किसान स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप किस्मों का चयन करें और कृषि विभाग की सलाह के अनुसार फसल प्रबंधन करें। बदलते मौसम ने दुर्ग जिले के किसानों को खेती की रणनीति बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। अब खेत में कौन-सी किस्म लगाई जाए, इसका फैसला केवल पैदावार के आधार पर नहीं, बल्कि फसल कितनी जल्दी तैयार होगी और अगली फसल के लिए कितना समय बचेगा, इसे ध्यान में रखकर किया जा रहा है। आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति और फसल की सुरक्षित कटाई ही तय करेगी कि किसानों को इस बदले हुए खेती के पैटर्न का कितना लाभ मिल पाता है।

# बोरसी बस्ती से गणपति विहार और मां कर्मा पीएम आवास तक बनेगी सीसी रोड



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- जर्जर सड़क से मिलेगी मुक्ति

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 52 में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से 87 लाख रुपये से अधिक की लागत के तीन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इनमें बोरसी बस्ती से गणपति विहार तक सीसी रोड निर्माण, गणपति विहार से मां कर्मा प्रधानमंत्री आवास सीसी रोड निर्माण तथा बोरसी बिम्लेश्वरी कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और जल निकासी व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।भूमिपूजन के दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि पूर्व में भी बोरसी क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा चुके हैं और आज 88 लाख रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। क्षेत्र में सड़क, नाली सहित अन्य आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आगे भी निरंतर विकास कार्य कराए जाएंगे, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार द्वारा लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, वार्ड क्रमांक 52 की पार्षद गुलशन गायत्री साहू,रंजीता पाटिल, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उप अभियंता करण यादव सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित में भूमिपूजन किया।

बता दे कि बोरसी वार्ड 52 क्षेत्र में तीन निर्माण कार्यों पर खर्च होंगे 88.40 लाख रुपये प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 52 में बोरसी बस्ती से गणपति विहार तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 14.14 लाख रुपये, गणपति विहार से मां कर्मा पीएमएवाई आवास तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 27.43 लाख रुपये तथा बिम्लेश्वरी कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य के लिए 46.83 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। जर्जर सड़कों से मिलेगी राहत, आवागमन होगा आसान।बोरसी बस्ती से गणपति विहार और गणपति विहार से मां कर्मा पीएमएवाई आवास तक सीसी रोड निर्माण होने से स्थानीय रहवासियों को जर्जर सड़कों की समस्या से राहत मिलेगी। सड़क निर्माण से आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।वहीं, बिम्लेश्वरी कॉलोनी में नाला निर्माण से जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

## मृतक के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड-3 अहिवारा जिला दुर्ग निवासी मानसिंह कुर्रे की विगत 5 अक्टूबर 2025 को ग्राम अहिवारा बायपास रोड नहर पुलिया के पानी में डुबने के कारण मृत्यु, ग्राम औरी तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी भगवती ठाकुर विगत 4 सितम्बर 2025 को औरी नाला में डुबने से मृत्यु, ग्राम पीसेगांव, तहसील व जिला दुर्ग निवासी अशोक निषाद की विगत 12 जनवरी 2025 को कोलिहापुरी तालाब में नहाते डुबने से मृत्यु, वार्ड 19 अर्जुन नगर सुपेला भिलाई तहसील जिला दुर्ग निवासी अरविन्द कुमार कोशले की विगत 30 अप्रैल 2025 को मरोदा डेम में नहाते समय डुबने से मृत्यु, सड़क नंबर 23, सेक्टर-08 भिलाई जिला दुर्ग निवासी राशि तांडी की विगत 4 अक्टूबर 2023 को सड़क नंबर 23, सेक्टर-8 भिलाई क्वाटर 1 बी जिला दुर्ग अपने घर में जहरीले सांप के काट लेने से मृत्यु, हथखोज पारा वार्ड नंबर 14 उतई तहसील व जिला दुर्ग की निवासी हितेन्द्र कुमार काकड़े की विगत 11 अप्रैल 2025 को ग्राम खोपली दर्री तालाब में नहाते समय डुबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. मानसिंह कुर्रे के पुत्र कमल कुमार कुर्रे को, स्व. भगवती ठाकुर की पत्नी ललिता बाई को, स्व. अशोक निषाद की माता सुकन बाई को, स्व. अरविन्द कुमार कोशले की माता विमला कोशले को, स्व. राशि तांडी की माता प्रमिला तांडी और स्व. हितेन्द्र कुमार काकड़े की माता प्रेमलता काकड़े को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# ग्रामीण महिलाओं ने प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह

## कुर्सी दौड़ में लुमन ठाकुर और मटका फोड़ में प्रियंका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭अंडा

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम कोनारी में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य बेला यादव एवं झुनिया साहू ने भारत माता के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय साहू तथा परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन में इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान लुमन ठाकुर व द्वितीय स्थान चंद्रमणि यादव ने प्राप्त किया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम तथा केसर साहू द्वितीय रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में ओम कुमारी ने प्रथम और मुस्कान ने द्वितीय स्थान हासिल किया। व्यंजन प्रतियोगिता में किरण पाल प्रथम व नेमा साहू द्वितीय रहीं।



कार्यक्रम के दौरान दियांश, तुशिका और रेयांश का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया तथा माया चंद्राकर की गोद भराई की रस्म संपन्न हुई। आंगनबाड़ी के बच्चों ने मनमोहक फैंसी ड्रेस व बाल गीत प्रस्तुत किए। परियोजना अधिकारी उषा झा ने 'गर्भावस्था के 1000 दिन' के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा सेक्टर पर्यवेक्षक ममता साहू ने विभागीय योजनाओं तथा स्वास्थ्य विभाग के नवीन बंछोर ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दीं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता षष्ठ चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, आशालता दिल्लीवार, हिमानी देवांगन, ग्रामीणजन एवं बच्चे उपस्थित थे।


शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/-
माँ कामख्या बगुलामुखी उपासक विगत चालिस वर्षों से स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामख्या बगुलामुखी की असीम कृपा साधना द्वारा ज्योतिष शास्त्र सम्बन्धित कम्प्यूटर द्वारा जन्मकुण्डली देखते एवं बनाते है। ग्रहों की महादशाओं के शुभ-अशुभ परिणाम आते है। आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधी कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा पिशाच दोष, गुप्त शत्रु बाधा, ग्रहण दोष आदि सभी समस्या हेतु पूजा अनुष्ठान बगुलामुखी साधना द्वारा सर्व समस्या हेतु सम्पर्क करें।
विरोध - भक्तगण उच्चाटन, आकर्षण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया जाता है।
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम 04 बजे से 07 बजे तक
पता : श्री दुर्गा माँ बगुलामुखी ज्योतिष कार्यालय, धमधा नाका चौक, सुर्या होटल के सामने, दुर्ग (छ.ग.) मो.:8109922001

## महापौर अलका बाघमार ने किया भूमिपूजन

# शहर के विभिन्न उद्यानों का होगा संधारण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के वार्ड क्रमांक 39 में उद्यानों के संधारण एवं सौंदर्यीकरण कार्य को गति देने के उद्देश्य से 41.37 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का महापौर अलका बाघमार ने

- 41.37 लाख के होंगे विकास कार्य

सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर,पर्यावरण विभाग प्रभारी काशीराम कोसरे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर,पार्षद गुलाब वर्मा,मनीष कोठारी,उपअभियंता पंकज साहू सहित वार्ड के नागरिको की उपस्थिति में भूमिपूजन किया।इस



कार्य के पूर्ण होने से शहर के विभिन्न उद्यानों की स्थिति बेहतर होगी तथा नागरिकों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उद्यानों का संधारण एवं सौंदर्यीकरण होने से बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों को सुबह-शाम घूमने, बैठने तथा समय बिताने के लिए बेहतर स्थान मिल सकेगा।

महापौर ने कहा कि शहर के विकास के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उद्यान शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ ही नागरिकों के स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। इसी उद्देश्य से उद्यानों के संधारण एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को इनका लाभ मिल सके। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं।


HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श, नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी, सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT, बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा, आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
बांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, नाग्वंशी मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर
पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा देश विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा वैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नवोदय की तैयारी में जुटे 2,000 विद्यार्थी, कुर्मी समाज ने आयोजित की निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार, 18 अक्टूबर को अखिल भारतीय स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय स्व-आकलन निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा 2026-27 का सफल आयोजन किया गया। यह परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न हुई। दुर्ग जिले के सीएसआईटी कॉलेज, कोलिहापुरी स्थित परीक्षा केंद्र में पांचवीं कक्षा के लगभग 250 विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं, छत्तीसगढ़ के आठ विभिन्न जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर करीब 2,000 विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए।

## छत्तीसगढ़ के आठ जिलों में आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, मार्गदर्शन भी दिया गया





### जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया बच्चों का हौसला

परीक्षा केंद्र पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने वालों में दुर्ग लोकसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लताऋषि चंद्राकर के अलावा अजय चंद्राकर, डाकेश्वर परगनिया, राजेश वर्मा, रीना देशमुख, दुष्यंत गिरीश हरमुख और युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### परीक्षा के सफल संचालन में पर्यवेक्षकों का योगदान

परीक्षा के सुचारु संचालन और व्यवस्थाओं को संभालने में दिलीप देशमुख, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, रेणुका चंद्राकर, प्रीति तिवारी, मिलेश्वर देशमुख, देवेंद्र हरमुख, नंदिनी देशमुख, बीरेंद्र देशमुख, हरिवंश साहू, खिलेश्वर साहू, देवेश देशमुख, रोशन नागरे, मोनिष वर्मा, निशांत हरमुख, प्रेम देशमुख, किशोर देशमुख, योगेन्द्र देशमुख, सागर देशमुख, प्रदीप देशमुख एवं राकेश हरमुख ने परीक्षा पर्यवेक्षक के रूप में अपनी समर्पित सेवाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### वोट बचाओ नहीं, अस्तित्व बचाओ रैली निकाले कांग्रेस

**उतई।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के महामंत्री प्रवीण यदु ने कांग्रेस की बाइक रैली एवं पुतला दहन कार्यक्रम को हताशा का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास धरातल पर कोई जनहित का मुद्दा शेष नहीं रह गया है, इसलिए वह संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बना रही है।

### दुर्गा पंडाल से दान पेटी चोरी सीसीटीवी में कैद वारदात



**कुम्हारी।** डंगनिया तालाब पार स्थित दुर्गा पंडाल से 19 अक्टूबर की सुबह करीब 4 बजे दो अज्ञात चोरों ने दान पेटी पार कर दी। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सुबह दान पेटी गायब मिलने पर खोजबीन की गई, तो वह डीएमसी परिसर की झाड़ियों में टूटी व खाली हालत में मिली। चोर सारा कैश निकालकर खाली पेटी फेंककर फरार हो गए।

### पार्षद के जन्मदिन पर किया पौधारोपण



**दुर्ग।** रिसाली निगम क्षेत्र के वार्ड 35 (ग्राम डुन्डेरा) के पार्षद खिलेंद्र चंद्राकर के जन्मदिन पर पौधरोपण व समाज सेवा के कार्य किए गए। डुन्डेरा नर्सरी में उन्होंने पीपल और जारूल के पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में हितवा संगवारी संस्था के अध्यक्ष रोमशंकर यादव, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सोनवानी, दुर्गेश साहू, परमजीत, ओमप्रकाश साहू, महेश साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### डी सत्यनारायण

**भिलाई।** भिलाई-3, पुरैना निवासी डी. सत्यनारायण (90) का 21 अक्टूबर को उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पुरैना स्थित मुक्तिधाम में 22 अक्टूबर की सुबह 10 बजे किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा पुरैना स्थित निवास से निकलेगी। वे डीएसपी राव और डी. गोपाल राव के पिता थे।



### नकुल राम आठे

**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल निवासी सेवानिवृत्त टाइमकीपर नकुल राम आठे का मंगलवार 20 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे रेवा राम आठे व महेंद्र आठे के पिता तथा नीरज व टिकेश्वर आठे के दादा थे। उनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम 26 अक्टूबर को आयोजित है।



### हज्जन सलमा बेगम

**भिलाई।** टाटा लाइन कैंप 2 निवासी हज्जन सलमा बेगम का इंतकाल हो गया। गोगांव मिर्जापुर (उप्र) की मूल निवासी तथा मरहूम हाजी शेख जहूर साहब की पत्नी सलमा बेगम के जनाजे की नमाज बुधवार दोपहर हैदर गंज कब्रिस्तान (कैंप 1, भिलाई) में अदा की गई। वे हारून रशीद व जैनुल आबेदीन की मां और हुसैन अली अशरफी की सास थीं।



## दशहरे पर गांव-गांव में रहा मेले का माहौल

# ग्रामीण अंचल में असत्य पर सत्य की जीत के रूप में जलाया रावण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

बालोद जिले के ग्राम सिरसिदा में वर्ष 1994 से चली आ रही अनूठी परंपरा के तहत इस वर्ष भी तालाब के बीच तैरते हुए 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन किया गया। कार्यक्रम में 'तिहार छाती धमतरी' दल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। सरपंच सरस्वती चंद्राकर और जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने ग्रामीणों को बधाई दी।

आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद देवांगन, उपाध्यक्ष नेलशन देवांगन, पूर्व सरपंच खेमन लाल चंद्राकर, प्रेरणा स्रोत स्व. बद्री प्रसाद ध्रुव, संकलनकर्ता कृष्ण कुमार चंद्राकर, संचालक ढाल सिंह चंद्राकर सहित आदर्श रामलीला मंडली के सदस्य- तोरण, गिरधर, प्रेमलाल, धर्मराज, खिल्लू, गुलाब, कोमेंद्र, रितेश, जितेश्वर चार्ली, तानु, देवेंद्र, छन्नू, धन्ना, गौरव, यश साहू, यशवंत, भरत, राजेंद्र यादव, गौरव, ढालसिंह ठाकुर, कुलदीप, अश्वनी, तुलेश्वर, रामकृष्ण, मिलन, खिलेंद्र, आत्मा साहू, लक्ष्मण, खेमन, गणेशराम शर्मा, गजानंद, ओंकार, प्रेमलाल, अक्षय, प्रहलाद, लवण, रामगोपाल, चंद्र प्रकाश, ढालसिंह, टोमेंद्र, डोगेंद्र व बालगोविंद का विशेष योगदान रहा।

### सिरसिदा में 32 साल पुरानी परंपरा कायम : तालाब के बीच तैरते रावण का किया दहन




### तिरगा में उत्साह के साथ मनाया दशहरा

**अंडा।** ग्राम तिरगा में वर्षों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। रामलीला मंचन के बाद रावण दहन किया गया और आतिशबाजी हुई। बुजुर्गों द्वारा शुरू की गई इस सांस्कृतिक धरोहर को युवा पीढ़ी पूर्ण उत्साह के साथ आगे बढ़ा रही है।



### डुन्डेरा में हुआ रावण दहन

**उतई।** ग्राम डुन्डेरा में विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। भगवान श्रीराम की महाआरती के बाद लोक गायक खुमान सिंह यादव के निर्देशन में रामलीला का मंचन हुआ, जिसके पश्चात रावण दहन और भव्य आतिशबाजी की गई। इस दौरान पार्षद द्वय खिलेंद्र चंद्राकर व रोहित धनकर, पं. भीखम शर्मा, रामनाथ यादव, अशोक साहू, पवन यादव, टीकम साहू, दुर्गेश साहू, पुरेंद्र यादव, चेतन साहू, जीनत साहू, पवन बंजारे, धनेश साहू, पोषण देवांगन, बी.आर. मौर्य, चेतन गुरुजी, हर्ष चंद्राकर, इंद्रजीत सोनवानी, चंद्रिका क्षत्रीय, केशव महिपाल, हरीशचंद्र साहू, अजय साहू सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।



### कुम्हारी में 30 फीट के रावण का दहन

**कुम्हारी।** मां महामाया मंदिर प्रांगण (दशहरा मैदान) में ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में 30 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। स्थानीय रामलीला समिति द्वारा प्रभावशाली रामलीला मंचन किया गया, जिसे देखने आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन रामाधार शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन अशोक दीवान ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण वर्मा, अशोक दीवान, रामाधार शर्मा, मनोज वर्मा, राधेलाल यादव सहित समिति सदस्य व नागरिक उपस्थित थे।



### राम-रावण युद्ध मंचन के साथ मनाया दशहरा

**नंदकठी।** ग्राम नंदकठी में दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। राम मंदिर से निकली शोभायात्रा सुभाष चौक, बावली चौक व हनुमान मंदिर होते हुए पंचायत भवन पहुंची, जहां पंडित रवि मिश्रा द्वारा पूजा-अर्चना के बाद रैनी मारने का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद बाजार चौक स्थित सांस्कृतिक मंच पर राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ, जिसे देखने हजारों दर्शक पहुंचे।



### शांतिपूर्ण माहौल में हुआ ग्राम चिंगरी का रावण दहन

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में विजयादशमी पर रावण दहन का आयोजन शांतिपूर्ण एवं उत्साहजनक माहौल में संपन्न हुआ। रावण के पुतले का निर्माण विक्की देशमुख एवं उनकी टीम द्वारा किया गया था। इस अवसर पर समिति सदस्य राजेश देशमुख, चंद्रहास साहू, संतोष पटेल, छन्नू लाल साहू, हरिलाल देशमुख, बालाराम साहू, डहरसिंह साहू, ज्योति साहू, लक्ष्मण यादव, साकेत पटेल, सचिन देशमुख, रोमन निर्मलकर, पार्थ साहू, हितेश देशमुख, पिंटू साहू, लक्की निर्मलकर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध




**दुर्ग।** दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

### इंडस्ट्रियल सेफ्टी और फायरमैन प्रशिक्षण से छात्रों को मिला रोजगार



**भिलाई।** फायर, सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट निजी प्रशिक्षण संस्थान भिलाई, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ प्लेसमेंट कैंप द्वारा इंडस्ट्रियल सेफ्टी एवं फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत संस्था के 4 छात्रों का चयन बजरंग पावर इस्पात, तिल्दा जिला रायपुर (छग) में चयन हुआ। जिसकी जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, निर्देशक मनोज ठाकरे और संस्था में प्रशिक्षण दे रहे, फायर फाइटिंग के ट्रेनर शत्रुहन लाल धनकर और औद्योगिक सुरक्षा (सेफ्टी) की ट्रेनिंग दे रहे तपन कुमार विश्वास, दोनों ही ट्रेनर भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर है, जिन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था में एमएसएमई-सीटीआर, लुधियाना (पंजाब) सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) सीटीआर लुधियाना पंजाब द्वारा छात्रों को औद्योगिक सुरक्षा (सेफ्टी) एवं अग्निशमन (फायर) का प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण-पत्र दिया जाता है। जिसको प्राप्त करने के बाद संस्था के विद्यार्थियों का चयन कंपनी में सेफ्टी ऑफिसर और फायरमैन पद के लिए छात्रों का इंटरव्यू लिया गया और उन्होंने प्रशंसा करते हुए बताया कि, संस्था में बहुत ही सुचारू रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था में फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा (सेफ्टी) के प्रशिक्षण दे रहे गुरुजन, जो भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर हैं, वे अपने अनुभव से सभी छात्र-छात्रों को प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिनसे कंपनी को उचित गुणवत्ता एवं योग्य उम्मीदवार प्राप्त हुए हैं।

### लिमतरा में भक्तिभाव से मनी नवरात्रि



**अंडा।** श्री भागवत आश्रम लिमतरा में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ 378 ज्योति कलश स्थापित किए गए। ज्योति कलशों की स्थापना के साथ ही आश्रम का वातावरण भक्तिमय हो गया। मां भगवती के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्री भागवत आश्रम लिमतरा संत निरंजन महाराज ने कहा कि नवरात्र के दौरान मां भगवती की आराधना का विशेष महत्व है। भक्तजन अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित करते हैं। आश्रम में प्रज्वलित 378 ज्योति कलश श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और भक्ति के प्रतीक बने हुए हैं। इस अवसर पर मां भगवती की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की गई। इसी तरह जय माँ काली मंदिर में क्वांर नवरात्रि में 96 ज्योति कलश रखा गया हैं। मंदिर के पुजारी गोकुल देशमुख ने कहा कि उडिसा से और चारो तरफ क्षेत्र के भक्तो द्वारा यहाँ अपने मनोकामना के लिए ज्योति कलश जलाये जाते हैं।

### दीपशिखा विद्यालय में छाई गरबा की धूम




**उतई।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में नवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। दोनों ही पालियों के विद्यार्थियों ने नौ दुर्गा के विभिन्न रूपों का जीवंत प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से आतातायी राक्षसों का मर्दन कर असत्य एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का स्पष्ट संदेश दिया और इस विजय की खुशी को गरबा नृत्य के जरिए व्यक्त करते हुए मां शक्ति और मां दुर्गा की आराधना की। इस अवसर पर दीपशिखा शिक्षण समिति के डायरेक्टर डी एल सिन्हा और प्राचार्य के आर सिन्हा ने संबोधित किया। शालानायक रुद्र कुमार चंद्राकर ने बेहद रोचक अंदाज में नवरात्रि पर्व पर अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं की इस मनमोहक प्रस्तुति की विद्यालय की स्काउट-गाइड टीचर अन्नपूर्णा रामटेके ने प्रशंसा की। कार्यक्रम में अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य शांता सोनवानी, उपप्राचार्य प्रमोद कुमार, प्रधान पाठक एन के चंद्राकर, शरणजीत कौर, इंचार्ज एस आर सेन एवं समस्त हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक भूमिका साहू ने किया।

## अंचल की खबरें

### निकुम में नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई



**निकुम।** क्वांर नवरात्रि पर्व के समापन पर दशमी के दिन निकुम गांव में मां दुर्गा की विदाई पूरे भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, सेवा और जसगीतों से गुंजाइशमान रहा माता का दरबार विसर्जन के समय पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूब गया। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और लोक आस्था की अद्भुत झलक उस समय देखने को मिली, जब ग्रामीणों ने "सरवर नहाय बर चले हो महामाई" की भक्तिमय धुन पर छत्तीसगढ़ी पचरा और जसगीत गाते हुए माता को अंतिम विदाई दी।

माता की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीतों और भक्ति संगीत के माध्यम से मां दुर्गा के प्रति अपनी अनन्य आस्था प्रकट की। श्रृंगार और विदाई के पारंपरिक भावों के बीच ग्रामीणों ने माता से गांव में सुख-समृद्धि, खुशहाली और सभी के मंगल की कामना की। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला।

**महाआरती के बाद हुआ विसर्जन :** विसर्जन के लिए माता की प्रतिमा को तालाब तक ले जाया गया, जहां विधि-विधान के साथ महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर परिवार और गांव की खुशहाली की प्रार्थना की। इसके बाद पूर्ण भक्तिभाव के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। नवरात्रि के नौ दिनों तक माता की सेवा, पूजा-पाठ और जसगीतों में सक्रिय रूप से शामिल रहे ग्रामीणों ने भावपूर्ण माहौल में मां को विदाई दी। छत्तीसगढ़ी पचरा और पारंपरिक विसर्जन गीतों ने इस आयोजन को स्थानीय संस्कृति से जोड़ते हुए बेहद खास बना दिया। मां दुर्गा के प्रति अटूट श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता के साथ निकुम में क्वांर नवरात्रि पर्व का भव्य और भक्तिमय समापन हुआ।

### भोजली-जंवारा विसर्जन की अनूठी परंपरा



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर स्थित माता मंदिर में भोजली-जवारा विसर्जन की अनोखी धार्मिक परंपरा पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ निभाई जाती है। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि भोजली और जवारा विसर्जन के मुख्य आयोजनों में पुरुषों की प्रमुख भूमिका होती है। पुरुष पारंपरिक रीति-रिवाजों और नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करते हुए इस धार्मिक आयोजन में शामिल होते हैं और वर्षों से चली आ रही इस अनूठी परंपरा का निर्वहन करते हैं। माता मंदिर में ज्योत-जवारा की विशेष पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु माता के चरणों में अपनी अगाध आस्था प्रकट करते हैं और पूरे गांव की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं। भोजली-जवारा विसर्जन के माध्यम से ग्रामीण अपनी समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर आगे बढ़ा रहे हैं। विनायकपुर की यह अनूठी परंपरा क्षेत्र की लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था का एक अनूठा प्रतीक है, जिसमें पुरुषों की सक्रिय सहभागिता इसे एक विशेष पहचान दिलाती है।

### संघ के स्वंयसेवक ने 47 तीर्थयात्रियों को यात्रा पर भेजा




**जामगांव आर।** आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक व सीमान्त कृषक कामता प्रसाद साहू द्वारा स्वयं के खर्च पर आयोजित 6 दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए स्पेशल बस बुधवार को जामगांव आर से रवाना हुई। प्रस्थान पूर्व श्री साहू ने सभी 47 तीर्थयात्रियों को शाल भेंट की। यह जत्था हीराकुंड बांध, संबलपुर समलाई, चंद्रभागा, कोणार्क, जगन्नाथपुरी, कबीर चौरा, साक्षी गोपाल, नंदनकानन, उदयगिरी-खंडगिरी, लिंगराज, तप्तकुंड, नरसिंह नाथ एवं घुंचापाली का भ्रमण करेगा। योग समिति अध्यक्ष डॉ. गुलाब सिंह साहू ने उनके इस परोपकारी कार्य की सराहना की।

यात्रा में कामता प्रसाद साहू, खेमीन बाई साहू, रमन लाल साहू, विशेश्वरी साहू, लुकेश साहू, सुखियारिन, रोमेल साहू, ताम्रध्वज साहू, देवनारायण साहू, निर्मला साहू, उषा बाई, टोमिन, शकुन बाई यादव, रोमीने बाई, सरोजनी यादव, रामअसरा साहू, रुक्मणी साहू, घसिया राम साहू, रेमा बाई, सतवंतीन, सुरेखा साहू, बंशीलाल साहू, घसनीन बाई, छगन लाल साहू, ममता साहू, जकृत राम, आशा यादव, मंगतिन पटेल, संतोषी साहू, परिमला बाई साहू, सुशीला बाई साहू, सागर राम साहू, रश्मील, खम्हन लाल साहू, कुमारी बाई, पोषण लाल साहू, भगवती साहू, बसंती साहू, पुरइन बाई साहू, बेनीराम साहू, सावित्री साहू, नीता बाई साहू, पिंकी साहू, अगेश कुमार साहू, तेजराम साहू, पुष्पा बाई एवं तुषार साहू शामिल हैं।

### मुरमुंदा में मां शेरावाली व ज्योति कलश का विसर्जन



**ओखरा/ मुरमुंदा।** मां शीतला सेवा समिति (चांदनी चौक, मुरमुंदा) द्वारा शारदीय नवरात्रि के समापन पर मां शेरावाली की प्रतिमा एवं ज्योति कलश का विसर्जन धूमधाम से किया गया। नौ दिनों की आराधना के बाद ढोल-नगाड़ों संग भव्य शोभायात्रा निकालकर माता रानी को विदाई दी गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार सिकट, अशोक जैन, शैलेंद्र सोनी, बाबा श्रीवास, प्रदीप गायकवाड़, दिना साहू, डॉ. भुवनेश्वर साहू, सावेंद्र साहू, गोलू, पप्पू, नारायण, ईश्वर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दुर्ग-भिलाई मार्ग पर महानगरीय बसों में मुसाफिरों की बढ़ी दोहरी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी से महानगरीय बसों से सफर करने वाले यात्रियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। उन्हें अब अधिक किराया देने के साथ तकलीफदेह यात्रा से भी राहत नहीं मिल रही है। इस मामले में परिवहन विभाग उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई दुर्ग से हजारों लोग रायुपर और राजनांदगांव सहित ग्राम्यांचल जाने के लिए महानगरीय बसों से यात्रा करते हैं। यात्रियों ने बताया कि वर्षों पूर्व राज्य परिवहन निगम के बंद के बाद निजी बसें यानी महानगरीय बसों का सफर तकलीफदेह बना हुआ है। शासन द्वारा पिछले करीब दो साल के अंदर दो मर्तबा किराया वृद्धि कर दी गई है। लेकिन मुसाफिरों का सफर को तनाव मुक्त कराने पर अब तक कोई जमीनी प्रयास नहीं किया गया है। इसके चलते बस आपरेटर शासन को चूना लगाने के साथ यात्रियों की यात्रा को भी कष्टप्रद बनाए हुए हैं। दुर्ग से रायपुर या राजनांदगांव जाने वाली महानगरीय बसों के परिचालकों द्वारा कभी भी टिकट नहीं दिया जाता है। भिलाई से रायपुर का किराया 50 रुपए से अधिक बढ चुका है। राजनांदगांव किराया साठ रुपए हैं। यात्रियों ने बताया कि टिकट न देकर शासन को करोडों रुपए के टैक्स का चूना लगाया जा रहा है। लेकिन विभाग हमने नहीं देखा और हमने नहीं सुना की तर्ज पर उदासीन बना हुआ है। आसमान छूती महंगाई के दौर में किराया वृद्धि के बाद भी मुसाफिरो की दिक्कतों पर ध्यान देने की जहमत विभाग नहीं उठा रहा है।

## बसों का फेयर बढ़ने के साथ तकलीफदेह यात्रा से नहीं मिल रही राहत



### 32 सीटर बस में दोगुनी सवारी

महानगरीय बसों में यात्रियों को जानवरों की तरह ठूंस ठूंस कर भरा जा रहा है। 32 सीटर बस में करीब दोगुना लोगों को बिठाया जा रहा है। जितने लोग बैठे रहते हैं उतने ही खड़े रहते हैं। भारी भीड़ के कारण बस के अंदर लोग पसीने से तरबतर होकर घंटा दो घंटा तक अपने गंतव्य स्थल आने तक थकान और तनाव झेलते रहते हैं। यात्रियों ने बताया कि साठ सत्तर लोगों को ठूंसने से अंदर हवा का एहसास नहीं नहीं होता। जब बस किसी स्टांप पर रुकती है तभी दो मिनट के लिए राहत महसूस होती है। पूरी यात्रा में महिलाओं, छोटे बच्चों और विद्यार्थियों की बुरी हालत होती है। बच्चे परीक्षाओं और स्कूली फंक्शन के दौरान भी ऐसी ही परेशानी से जूझते यात्रा करने मजबूर होते हैं। सबसे बुरी स्थिति बीमारों,वृद्धों व गर्भवती महिलाओं की होती है।

### घंटेभर का सफर दो घंटा में

दुर्ग से रायपुर और राजनांदगाव की ओर आने जाने वाली बसों की धीमी गति यात्रियों के लिए परेशान करने वाली होती है। दुर्ग व रायपुर के बीच करीब तीन सौ और राजनांद के लिए लगभग इतनी ही बसें चलती हैं। लेकिन इनके यात्रा में करीबन दोगुना वक्त लगता है। भिलाई से भाठागांव रायपुर दो घंटा में पहुंचाया जाता है। इसकी वजह बस आपरेटरों ने विभाग के संज्ञान में अपनी टायमिग फिक्स कर रखी है। परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण बसों को काफी धीमी गति से चलाया जा रहा है। हर स्टाप यानी ठहराव की टायमिंग निर्धारित कर रखी है। यात्रियों ने बताया कि आगे चल रही बसे छूटेगी तभी पीछे वाली बस वहां पहुंचेगी। इस दौरान पीछे की बस काफी धीमी गति से चलती रहती है। इसके चलते यात्रियों को दफ्तर,अस्पताल व संबंधित स्थल पर विलंब होता है।

## खबर संक्षेप

### टिम्बर व्यवसायी से मारपीट घेराव की चेतावनी

**कुम्हारी।** दुकान के सामने गाड़ियाँ खड़ी कर रास्ता बाधित करने का विरोध करने पर रायपुर से आए कुछ लोगों ने टिंबर व्यवसायी के



साथ मारपीट व गाली-गलौज की। इसके बाद आरोपी पक्ष 12-15 गाड़ियों में 50-60 लोगों के साथ कुम्हारी थाना पहुंच गया। पीड़ित व्यवसायी अंकित शुक्ला, अपने भाई अनुज शुक्ला, पिता रमाकांत शुक्ला व मित्र विशाल राठौर के साथ थाना प्रभारी के केबिन में शिकायत दर्ज करा रहे थे। आरोप है कि तभी परमिंदर सिंह सैनी, उनका पुत्र, गोल्डी व अन्य केबिन में घुस आए और पुलिस की मौजूदगी में ही पुनः गाली-गलौज व मारपीट की। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय व्यापारी और विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। सीएसपी छावनी भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। विहिप नगर अध्यक्ष अनुज शुक्ला ने थाने में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर थाना घेराव की चेतावनी दी है।

### कमलेश के छायाचित्रों की प्रदर्शनी आज से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की नेहरू आर्ट गैलरी, इंदिरा प्लेस में भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 विभाग से सेवानिवृत्त छायाकार कमलेश कुमार वर्मा की तीन दिवसीय एकल वन्यजीव छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उदघाटन मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय करेंगे। प्रदर्शनी 22 से 24 अक्टूबर तक रोज शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में कमलेश कुमार वर्मा द्वारा खींचे गए प्रदर्शित वन्यजीव छायाचित्रों में वन्यजीवों की प्राकृतिक सुंदरता, उनके व्यवहार तथा प्राकृतिक परिवेश के विविध पहलुओं को कलात्मक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्हें शासन द्वारा आयोजित इको टूरिज्म फोटो प्रतियोगिता में उन्हें पुरस्कृत किया गया था। बीएसपी द्वारा आयोजित फोटो प्रतियोगिता में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

### स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत दुर्ग जिले के निकुम ब्लॉक के ग्राम खमारिया, समोदा, पीसेगांव एवं भरदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## किरायावृद्धि व नोटिस वापस नहीं लेने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# टाउनशिप के सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मियों को बेघर होने की बढ़ी चिंता, दिवाली की कैसे करें तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले एकजुट हुए रिटेंशन व लायसेंसधारी



दीपावली का सबसे बड़ा त्योहार नजदीक है लेकिन लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्षों काम करने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त आवासधारियों में चिता, डर और असंतोष बढ़ रहा है। रहवासियों को बेघर होने की चिंता सता रही है। आवास खाली करने के नोटिस से गुस्साए रिटेंशनधारियों ने बीएसपी प्रबंधन से जल्द किराया वृद्धि वापस लेने का लिखित आश्वासन नहीं दिए जाने इस्पात भवन घेराव की चेतावनी दी है। साथ ही जन प्रतिनिधियों को भी सरकार से जमीनी राहत नहीं दिलाने पर भिलाई निगम चुनाव में अपना महापौर प्रत्याशी के चुनाव लड़ाने की तैयारी तेज करने का ऐलान किया है।

उल्लेखनीय है कि विभिन्न सेक्टरों में बीएसपी क्वार्टरों में रिटेंशन स्कीम के तहत चौदह सौ और लायसेंसी आवासों में पांच हजार से अधिक रिटायर कर्मी निवास कर रहे हैं। सालभर पूर्व बीएसपी प्रबंधन द्वारा 32 गुना किराया वृद्धि कर व स्कीम को ही समाप्त कर मकान खाली करने नोटिस जारी किया गया है। अब तक करीब 250 रिटेंशधारियों सहित कई लायसेंसधारी मजबूर आवास खाली कर चुके हैं। प्रबंधन से किराया वृद्धि वापसी और सांसद से इस मामले में मदद करने की मांग को लेकर सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले पिछले एक साल से संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन अब तक राहत नहीं मिलने से असंतोष बढ़ रहा है। सेवा निवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले बुधवार को सिविक सेंटर में हुई बैठक में बड़ी तादाद में सेवानिवृत्त कर्मचारियों, रिटेंशनधारियों, लाइसेंसधारियों और लीजधारी जुटे। सभी ने ऐन त्योहार के अवसर पर खुशी के स्थान पर भारी किराया वृद्धि, नोटिस और अपने घर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। रहवासियों ने कहा कि वर्षों तक भिलाई इस्पात संयंत्र में अपनी सेवाएं देने के बाद आज वे ऐसी अनिश्चितता में जी रहे हैं कि घर में रंगरोगन कराने से पहले भी सोचना पड़ रहा है। डर है कि आज घर को सजाएं और कल उसे खाली करने का नोटिस आ जाए तो क्या होगा। जिस दीपावली को सेवानिवृत्त कर्मचारी दशकों से हर्षोल्लास के साथ मनाते आए हैं लेकिन आज अंधकार और असुरक्षा का भाव पैदा हो रहा है। जब तक उनके आवास संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक त्योहार की खुशियां अधूरी रहेंगी। रिटायर कर्मियों ने बताया कि जिस शहर के निर्माण और औद्योगिक विकास में अपना जीवन लगा दिया, उसी शहर में वृद्धावस्था में उन्हें अपने आवास के भविष्य को लेकर इतनी चिंता क्यों झेलनी पड़ रही है।

### लीज, रिटेंशन और लाइसेंस की नीतियों पर सवाल

बीएसपी प्रबंधन की आवास संबंधी नीतियों पर गंभीर असंतोष जताया। उनका कहना था कि लीज के छठवें चरण की उम्मीदों और लीज नियमतिकरण से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच कर्मचारियों को रिटेंशन और लाइसेंस जैसी व्यवस्थाओं के तहत आवासों में रहने दिया गया। अब बढ़ते किराये और आवास खाली करने के दबाव की आशंका ने अनेक परिवारों को चिंता में डाल दिया है। सदस्यों ने मांग की कि प्रबंधन आवास संबंधी सभी श्रेणियों के लिए स्पष्ट, न्यायसंगत और लिखित नीति जारी करे, ताकि परिवार अपने भविष्य की योजना बना सकें।बैठक में टाउनशिप के व्यापारियों, छोटे दुकानदारों और अन्य रहवासियों की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने आरोप लगाया कि नियमों के पालन में समानता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। जहां अवैध कब्जे, अनधिकृत किरायेदारी या किसी अधिकारी-कर्मचारी की मिलीभगत की शिकायतें हैं, वहां निष्पक्ष जांच कर प्रमाणित मामलों में कार्रवाई होनी चाहिए।

### इस्पात भवन व टीएसडी के घेराव की बनी रणनीति

रिटेंशन व लायसेंसधारियों ने अब प्रबंधन और जन प्रतिनिधियों पर रणनीतिक दबाव बढ़ाने में जुट गए हैं। संघ के अध्यक्ष सुरेशचंद ने कहा कि यदि नगर निगम चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले आवास संबंधी समस्याओं पर कोई ठोस लिखित निर्णय नहीं आता है, तो संघ महापौर पद के लिए अपना प्रत्याशी उतारने और विभिन्न वार्डों से पार्षद प्रत्याशी खड़े करने के विकल्प पर आगे बढ़ेगा। बैठक में बीआईसी भवन, इस्पात भवन और टीएसडी विभाग के कार्यालयों के घेराव सहित व्यापक आंदोलन की आगामी रणनीति पर भी चर्चा हुई। रहवासियों ने कहा कि यदि समाधान नहीं निकलता है, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों, रिटेंशनधारियों, लाइसेंसधारियों और लीजधारियों के आवास संबंधी मुद्दों पर स्पष्ट एवं लिखित निर्णय लिया जाए। वर्षों तक भिलाई की सेवा करने वाले परिवारों को अनिश्चितता से राहत मिले और टाउनशिप में सभी के साथ नियमों के अनुरूप निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

## फारेस्ट एवेन्यू मार्ग पर बढ़ी दुर्घटनाएं दो मौत के बाद भी नहीं जागा बीएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के व्यस्तम रोड फॉरेस्ट एवेन्यू सड़क पर ट्रैफिक जानलेवा साबित हो रहा है। इस मार्ग पर सालों बाद भी डिवाइडर नहीं लगाए जाने से लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। सीटू यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से जल्द डिवाइडर निर्माण की मांग की है। यूनियन ने बुधवार को बीएसपी के महाप्रबंधक नगर सेवाएं को ज्ञापन देकर फारेस्ट एवेन्यू में ट्रैफिक की विकट समस्या से अवगत कराते हुए समस्या के निदान की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि कार्यपालक निदेशक को भी दी गई है। सीटू ने बताया कि पिछले लंबे समय से मांग के बाद भी अब तक डिवाइडर नहीं लगाने से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जा रही है। 19 अक्टूबर की रात तालपुरी निवासी छात्रा अक्षिता की जवाहर उद्यान के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। इसी मार्ग पर दुर्घटना में घायल होने के बाद बीएसपी कर्मी मोहम्मद सिद्दिकी की भी अस्पताल में मृत्यु हो चुकी है। बोरिया गेट से बीएसएफ चौक तक डीपीएस स्कूल के पीछे स्थित चोपड़ा पेट्रोल पंप तक के सड़क मार्ग पर तत्काल डिवाइडर निर्माण शुरू कराने की मांग की । इस मार्ग से टाउनशिप के निवासी, स्कूली बच्चे और संयंत्र कर्मी बड़ी संख्या में आवागमन करते हैं। उच्च प्रबंधन को प 27 मई को भी पत्र दिया गया था और कार्यपालक निदेशक व पूर्व सीजीएम भी ने डिवाइडर निर्माण कराने का आश्वसान दिया था। सीटू ने कहा कि जनसुरक्षा से जुड़े मामले में केवल आश्वासन देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका समयबद्ध क्रियान्वयन भी जरूरी है।

- सीटू ने महाप्रंधक को सौंपा ज्ञापन, कहा जल्द कराएं डिवाइडर निर्माण

### दोपहिया वाहनों को परेशानी

फारेस्ट एवेन्यू मार्ग पर सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहनों के चालको को हो रही है। इस मार्ग पर बीएसपी में सभी शिफ्टों के दौरान ट्रैफिक बढ़नेस से सबसे ज्यादा दुर्घटना का खतरा दोपहिया चालकों को होता है। सीटू ने प्रबंधन से मांग की है कि बोरिया गेट से बीएसएफ चौक तक फॉरेस्ट एवेन्यू सड़क पर डिवाइडर निर्माण का कार्य बिना किसी और देरी के शुरू कराया जाए। बढ़ रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समय रहते ठोस कदम उठाना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। यदि अब भी निर्णय लेने और निर्माण शुरू करने में देरी की गई, तो दुर्घटनाओं और जान गंवाने की घटनाओं का खतरा बना रहेगा। जनता की सुरक्षा आश्वासनों से नहीं, तत्काल डिवाइडर निर्माण शुरू कराकर अपनी जिम्मेदारी निभाने से होगी।

### पिपरछेड़ी में चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा सीएसआर द्वारा ग्राम पिपरछेड़ी में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में44 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया तथा निःशुल्क दवाइयां प्राप्त कीं। लाभार्थियों में 8 पुरुष व 36 महिलाएं शामिल थीं। सीएसआर की ओर से डॉ. भव्या एस, फार्मासिस्ट जान्हवी तथा नर्सिंग स्टाफ सदस्य ने सेवाएं दी।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर प्रथम वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई परिसर स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की रक्षा तथा आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि आईजी अभिषेक शांडिल्य द्वारा पुलिस स्मृति दिवस परेड की सलामी ली। शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को नमन किया गया।मौके पर कलेक्टर दुर्ग,एसएसपी विजय अग्रवाल,एसपी बालोद किरण गंगाराम चौहान, बेमेतरा एसपी त्रिलोक बंसल, सेनानी, प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई नीरज चन्द्राकर समेत अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन मौजूद थे। पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन शहीद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने, उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से किया गया। प्रथम वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई के शहीद स्मारक प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

## एसएमएस में 12 कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 में कर्म शिरोमणि सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि सीजीएम राजीव श्रीवास्तव उपस्थित थे। लोकनाथ बघेल, पीसन्मुख राव, राजेंद्र प्रसाद, रमेश कांत सिन्हा, ओंकार सिंह, निशिकेश मून, चार्जमैन-कम-सीनियर टेक्नीशियन, प्रदीप कुमार सोम, ईए, जाकिर अली, राम अवतार ठाकुर, महावीर प्रसाद, त्रिनाथ सोम तथा मनसा मांडवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीएम सौरभ जैन, के राजकुमार, एस. देबसिकदर, एनके. देथे व एसके मलिक तथा डीजीएम नितिन अग्निहोत्री उपस्थित थे।

# पावन धाम धनोरा में निकाली गई ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई/अंडा



धनोरा स्थित बाबा दरबार में नवरात्रि पर्व पर प्रज्वलित मनोकामना ज्योति का मंगलवार को भव्य विसर्जन किया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 19 अक्टूबर को महाअष्टमी पर पंडित विनय शर्मा व लक्ष्मण बाबा द्वारा हवन कराया गया तथा प्रसादी वितरण हुआ। मंगलवार दोपहर 12 बजे माता रानी की मूर्ति का नगर भ्रमण कराकर खनती तालाब में विसर्जन किया गया। शाम 4 बजे निकली शोभायात्रा में महिलाएं एक ही रंग की साड़ी पहनकर सिर पर ज्योति-जंवारा लिए चलीं। भोलू साहू व गज्जू रायपुरीहा खप्पर लेकर चले तथा गुलाब साहू व हेमंत साहू की भजन मंडली ने माता सेवा के भजन प्रस्तुत किए।

शोभायात्रा बजरंग पारा, बाजार चौक, मेन गली व शीतला पारा होते हुए शीतला तालाब पहुंची, जहां ज्योति विसर्जन के बाद मां शीतला मंदिर में खप्पर रखा गया। इस अवसर पर नंद पंडा, श्री 8 बाबा जी, खिलेश्वर साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, विनोद कुमार साहू, जीवराखन ठेकेदार, बाबू लाल साहू, सुनील पेंटर, वासुदेव सपरे, पूर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल, दिनेश यादव, राजेश चंद्राकर, एम. लाल देवांगन, कल्याण देवांगन, रोशन साहू, डॉ. धनेश्वर साहू, राजू देशमुख, बबलू साहू, मुकुल पटेल, मुन्ना गंधर्व, बबीता साहू, ललिता यादव, सुनीता साहू, मितानिन देवश्री, हितेश पटेल, लक्ष्मी साहू, मंजू साहू, संगीता सपरे, उपसरपंच योगेश साहू, तोमन गजपाल, उमेश साहू, पुनीत यादव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दक्षिण गंगोत्री ब्लॉक नंबर 17 ए की जगह पर हादसे का खतरा

# मकान निर्माण के लिए खोद दिए गड्ढे, डूबने से तीन गायों की मौत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दक्षिण गंगोत्री में अनाल होंडा के पीछे ब्लॉक नंबर 17ए, प्लॉट क्रमांक-1 पर पिछले चार माह से खुले गड्ढे में पानी भरा हुआ है।

इस गड्ढे में गिरकर अब तक तीन गायों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद गड्ढे को बंद नहीं किए जाने से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। खास बात यह है कि मकान निर्माण के लिए मकान मालिक ने ये गड्ढे.कर दिए हैं। यहां आसपास कई मोबाइल सर्विस सेंटर होने के कारण यहां सुबह से शाम तक बच्चों और लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में गड्ढा उनके लिए भी खतरा बना हुआ है।

### चार माह से पानी भरा हादसों का खतरा

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने निगम आयुक्त सुरूचि सिंह को लिखे पत्र में बताया है कि मकान निर्माण करने के लिए ये गड्ढे किए गए हैं। संबंधित प्लॉट पर बने गड्ढे में लंबे समय से पानी भरा हुआ है। खुले गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। हाल ही में तीन दिन पहले एक गाय गड्ढे में गिरकर मर गई थी। इसके बाद एक अन्य गाय भी गड्ढे में गिर गई। उसे बाहर निकालने के बाद भी उसकी जान नहीं बच सकी। इस तरह अब तक तीन गायों की मौत होने की बात सामने आई है। इसके बावजूद जिम्मेदारों की ओर से गड्ढे को बंद करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



### बच्चों की आवाजाही से बढ़ी चिंता

इस क्षेत्र में कई मोबाइल सर्विस सेंटर संचालित हैं। इसके कारण सुबह से शाम तक बच्चों, ग्राहकों और अन्य लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में यदि कोई बच्चा या राहगीर अनजाने में गड्ढे के पास पहुंचकर उसमें गिर जाता है, तो गंभीर हादसा हो सकता है। चार माह से पानी जमा रहने के कारण वहां मच्छर पनपने की आशंका भी है, जिससे डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

### दुकान संचालक पर कार्रवाई की मांग

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने निगम आयुक्त से मांग की है कि संबंधित स्थल का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। गड्ढे को जल्द से जल्द बंद करवाकर लोगों और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जिम्मेदारी तय कर संबंधित दुकान मालिक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। लगातार तीन मवेशियों की मौत के बाद भी यदि समय रहते गड्ढे को सुरक्षित नहीं किया गया, तो किसी बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता।



# हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

# लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129






रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के...

**लाइव इवेंट**

## कलम को शस्त्र मानकर लेखकों ने की पूजा, कमलेश्वर की परंपरा को किया याद



**भिलाई।** दशहरा पर्व पर जहां शस्त्र पूजन की परंपरा निभाई जाती है, वहीं साहित्यिक संस्था अगासदिया ने इस अवसर पर कलम को शस्त्र मानकर उसकी पूजा का अनूठा नवाचार किया। साहित्यकारों ने पुस्तकों और कलम का पूजन कर साहित्य साधना के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस आयोजन के माध्यम से महान कथाकार कमलेश्वर की उस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया, जिसमें वे कलम को सबसे प्रभावी शस्त्र मानकर उसकी पूजा करते थे। आयोजन में डॉ. परदेशी राम वर्मा ने कमलेश्वर से जुड़े संस्मरण साझा किए और उनके पत्रों के माध्यम से पुरानी स्मृतियों को जीवंत किया। इस अवसर पर डॉ. रजनी नेलसन को कलमधारिणी मातृशक्ति के रूप में सम्मानित किया गया। साहित्य, स्मृतियों और सृजन के इस संगम ने दशहरा पर्व को एक अलग अर्थ प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत अगासदिया परिसर में स्थापित रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास, माता कौशल्या और संत पवन दीवान की प्रतिमाओं की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद उपस्थित साहित्यकारों ने कलम और पुस्तकों का पूजन किया। डॉ. परदेशी राम वर्मा ने डॉ. रजनी नेलसन को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया।

### कमलेश्वर के पत्रों से ताजा हुईं स्मृतियां

इस अवसर पर डॉ. परदेशी राम वर्मा ने महान कथाकार कमलेश्वर के 20 से अधिक व्यक्तिगत पत्रों की फाइल निकाली। इनमें दशहरा पर्व पर भेजे गए शुभकामना पत्रों का पाठ करते हुए उन्होंने कमलेश्वर से जुड़ी यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि कमलेश्वर प्रतिवर्ष कलम को शस्त्र मानकर उसकी पूजा करते थे और उन्हें भी इस परंपरा को अपनाने के लिए प्रेरित करते थे। उन्हीं की प्रेरणा और स्मृतियों को श्रद्धांजलि देने के भाव से इस वर्ष दशहरे पर कलम पूजन का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान अगासदिया की ओर से प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका और मासिक पत्रिका नव आगमन की कथावस्तु पर भी चर्चा की गई। डॉ. परदेशी राम वर्मा की नवप्रकाशित रचनावली के तीनों खंडों और सुरंग के सात रंग पर साहित्यकारों ने विचार साझा किए। वरिष्ठ लेखक अब्दुल कलाम ने इस नवाचार और साहित्य के प्रति समर्पण की सराहना की। डॉ. रजनी नेलसन ने आभार व्यक्त करते हुए डॉ. वर्मा को कलम का सिपाही और साहित्य का सच्चा साधक बताया।

**लाइव इवेंट**

## हिन्दू युवा मंच ने निकाली शोभायात्रा महाआरती कर किया प्रसाद वितरण



**दुर्ग।** आश्विन मास शुक्ल पक्ष विजयदशमी के अवसर पर हिन्दू युवा मंच छत्तीसगढ़ द्वारा दुर्ग शहर में भव्य शोभायात्रा, शस्त्र पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10.30 बजे ग्रीन चौक, दुर्ग से वैदिक मंत्रोच्चार एवं शस्त्र पूजन के साथ शंखनाद करते हुए हुआ। शोभायात्रा अग्रसेन चौक, तकिया पारा, तमेर पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, मां चंडिका मंदिर, शिव पारा एवं पांच कंडील मार्ग से होते हुए पुराना बस स्टैंड पटेल चौक में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में भगवा ध्वज लहराते हुए सैकड़ों हिन्दू युवा मंच के कार्यकर्ता शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा भक्तिगीतों से वातावरण राममय बना रहा।

पटेल चौक पहुंचकर राम की महाआरती का आयोजन किया गया। इसके उपरांत भव्य प्रसाद वितरण (भंडारा) हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्ति संगीत एवं भजनों ने उत्सव की पवित्रता एवं उल्लास को और बढ़ाया। इस अवसर पर हिन्दू युवा मंच ने संदेश दिया कि विजयदशमी का पर्व हमें सदैव स्मरण कराता है कि सत्य और धर्म की सदा विजय होती है। कार्यक्रम प्रदेश संयोजक गोविंद राज नायडू, प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष कुमार नायर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिला प्रचार प्रमुख प्रिंस तिवारी ने बताया कि आयोजन में अरुण सिंह, दिनेश मिश्रा, राजा देवांगन,अरुण अग्रवाल, भीम जैन, आशुतोष तिवारी, हरि जगबेड़ा, बलवंत सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह, राहुल जैन, ओमी पटेल, अमित पुरोहित, संजय सिंह सेंगर, रुद्र मिश्रा, यश गुप्ता, प्रिंस साहू, लिनेश ध्रुव, विशाल महानंद, भूषण साहू, अमिताभ वर्मा, कामेश, ललित, अमित, दल्लू, राम दास, राम देवांगन, यश वर्मा, मोहित यदु, नीरज साहू, खिलेश्वर, राजू यादव, कृष्णा चौहान, कमल रणदीवे, सुरेंद्र जैन, सावन श्रीवास्तान, रवि देशमुख, जय देवांगन, अजय ठाकुर, अमित सिंह, मनोज ठाकरे, राहुल सोनकर, आलोक खापर्डे, राजदीप कसेर, विमल राज पुरोहित, मनीष शर्मा, राज कुमार चेलक, गोपाल यादव, दीपक चंद्राकर, गजेंद्र साहू, संतोष मिश्रा, पंकज भारती, सुमित भारती, जय प्रकाश गंधर्व, विश्वमूर्ति तिवारी, अनूप सिंह, राहुल सिंह, हर्ष शर्मा, निखिल शर्मा, नीरज देवांगन, पूनम साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

● रूंगटा यूनिवर्सिटी में पहले दिन विद्यार्थियों को तकनीक सीखने का मिला मौका

# रोबोट की रफ्तार, एआई से समस्याओं का हल, साइबर सुरक्षा की चुनौतियां और मोबाइल गेमिंग रोमांच के साथ टेकफेस्ट का आगाज, 5 हजार विद्यार्थी बन रहे प्रतिभागी

रोबोट की रफ्तार, एआई से समस्याओं का हल, साइबर सुरक्षा की चुनौतियां और मोबाइल गेमिंग का रोमांच...। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में बुधवार को टेकफेस्ट की शुरुआत कुछ ऐसे ही नजारे के साथ हुई। पहले दिन विद्यार्थियों को सिर्फ तकनीक सीखने का मौका नहीं मिला, बल्कि अपनी समझ, हुनर और टीम के साथ मिलकर काम करने की क्षमता दिखाने का भी मंच मिला। कहीं रोबोट बाधाओं को पार करते नजर आए, तो कहीं विद्यार्थी कोडिंग की गलतियां खोजने, कोडिंग की पहेलियां सुलझाने और खदान व पुल के मॉडल बनाने में जुटे रहे। अलग-अलग विद्यार्थी क्लबों की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं ने पूरे आयोजन को सीखने के साथ मनोरंजन से भी जोड़ दिया।



**भिलाई।** रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रुंगटा, कुलपति डॉ जवाहर सूरीशेट्टी, प्रो चांसलर डॉ सौरभ रूंगटा और सीईओ सोनल ने रंगीन गुब्बारें उड़ाकर फेस्ट का आगाज किया।

### रोबो रेस रही खास

टेकफेस्ट का एक बड़ा आकर्षण रोबो रेस रही। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्लब की इस प्रतियोगिता में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। रोबोट को सी-सॉ, बाधाओं, टेढ़े-मेढ़े रास्तों, पुल और सुरंग से निकालना था। यहां केवल तेज दौड़ना काफी नहीं था, रोबोट का संतुलन और सही नियंत्रण भी जरूरी था। वहीं, हगिंग फेस एआई/एमएल क्लब के छह घंटे के हैकाथॉन स्पेस रीमिक्स जैम में विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, खेती, पर्यावरण और स्मार्ट सिटी से जुड़ी समस्याओं के समाधान तैयार किए। किसानों के लिए हिंदी में आवाज से काम करने वाला चैट बॉट और पौधों में बीमारी पहचानने वाली टेक्नोलॉजी पर काम हुआ।

### छात्रों ने खेले टेक क्विज

साइबर सुरक्षा में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए रूंगटा साइबर क्लब ने फिशिंग और ओसिंट चुनौती रखी। इसमें विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल और अभ्यास हल किए, जबकि लाइव लीडरबोर्ड पर उनके अंक भी दिखाई देते रहे। गिटहब क्लब की गिट स्पीड राउंड और बग बैश प्रतियोगिता में कोडिंग की गलतियां खोजने और उन्हें ठीक करने की चुनौती मिली। माइक्रोसॉफ्ट कैंपस क्लब ने बिना ज्यादा कोड लिखे डिजिटल समाधान बनाने की तकनीक से परिचित कराया और क्विज भी कराया।

### तैयार किए गए मॉडल

इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए भी कई दिलचस्प मुकाबले रहे। सिविल क्लब की ब्रिज बिल्डिंग प्रतियोगिता में पुल के मॉडल बनाकर उनकी मजबूती और संतुलन दिखाने का मौका मिला। माइनिंग क्लब में विद्यार्थियों ने खदानों के मॉडल तैयार किए। फॉरेंसिक जागरूकता पर हुए नुक्कड़ नाटक ने अपराध की जांच में वैज्ञानिक सबूतों को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। वहीं, शिक्षा क्लब के आईक्यू टेस्ट और ब्रेन गेम्स में विद्यार्थियों ने याददाश्त, पैटर्न पहचानने और तर्क लगाने की क्षमता आजमाई।

### सामाजिक मुद्दे भी उठाए

साहित्यिक क्लब की मॉक पार्लियामेंट में महिला सुरक्षा और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में रोजगार की तैयारी जैसे मुद्दों पर बहस हुई। एक्सटेम्पोर में विद्यार्थियों को विषय मिलने के बाद सिर्फ दो मिनट तैयारी का समय मिला और फिर उन्हें दो मिनट में अपनी बात रखनी थी। टेक रोस्ट बैटल में तकनीक और डिजिटल औजारों पर मजेदार बहस हुई, जबकि मल्टीवर्स 2.0 में पांच-पांच विद्यार्थियों की टीमों को कोड तोड़ने, सुरागों से अपराधी पहचानने और बिना सीधे छुए एक वस्तु निकालने जैसी चुनौतियां मिलीं।





### गेमर्स को मिला मौका

गेमिंग के शौकीनों के लिए भी खूब रोमांच रहा। इन्फिनिटी ई-स्पोर्ट्स क्लब की बीजीएमआई प्रतियोगिता में 100 और फ्री फायर में 230 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रणनीति, टीमवर्क और तेजी से फैसले लेने की क्षमता इन मुकाबलों की खासियत रही। इस तरह टेकफेस्ट के पहले दिन तकनीक, खेल, दिमागी चुनौतियों और मनोरंजन का ऐसा मेल देखने को मिला, जिसमें विद्यार्थियों ने सीखने के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का भी पूरा मौका पाया।

## मानवता और विश्व कल्याण के लिए पोर्ट ब्लेयर में भिलाई के आर्य समाजियों ने किया वैदिक यज्ञ

**भिलाई।** मानवता की सेवा और विश्व कल्याण की कामना के साथ भिलाई के आर्य समाजियों ने पोर्ट ब्लेयर स्थित आर्य समाज में वैदिक यज्ञ किया। आचार्य डॉ. अजय आर्य के नेतृत्व में हुए यज्ञ में विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव और समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए आहुतियां अर्पित की गईं।

इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि संसार का उपकार करना ही आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है। महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची धार्मिकता मानव सेवा, परोपकार और सदाचार में निहित है। वैदिक यज्ञ हमें त्याग, समर्पण और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराता है।

कार्यक्रम में संजय चतुर्वेदी, दिनेश कुमार पटेल और आशुतोष सिंह ने वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा आर्य समाज के सुदृढ़ीकरण पर विचार रखे। डॉ. मृदुला चतुर्वेदी और अक्षत आर्यांश ने भी यज्ञ में सहभागिता की। इस दौरान आर्य समाज, पोर्ट ब्लेयर के प्रधान आर.पी. यादव को आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री और डॉ. अजय आर्य द्वारा लिखित पुस्तक गायत्री मंत्र के साधना सूत्र भेंट की गई। आर्य समाज के मंत्री पंकज वैद्य को गायत्री मंत्र संबंधी पंपलेट प्रदान किए गए। वेद प्रचार के लिए योगदान देने वाले आचार्य आनंद पुरुषार्थी का भी स्मरण किया गया। आयोजन के माध्यम से मानव सेवा, परोपकार और वैदिक संस्कृति के प्रचार का संदेश दिया गया।



## त्वचा कैंसर की पहचान विषय पर नम्रता ने किया शोध, मिली पीएचडी की उपाधि




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखा में नम्रता वर्मा ने पीएचडी पूरी कर अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा है। उनका शोध त्वचा कैंसर की पहचान विषय पर केंद्रित रहा, जो स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार की संभावनाओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। नम्रता वर्मा ने अपना शोध कार्य डॉ. पंकज मिश्रा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में रहते हुए त्वचा कैंसर की पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर शोध करना उनकी वैज्ञानिक रुचि, निरंतर परिश्रम और शोध के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों और परिचितों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**कार्नर न्यूज**

**कालीबाड़ियों में उमड़ा बंगाली समाज का उत्साह, मां को सिंदूर अर्पित कर सुहाग और सुख-समृद्धि की कामना की**

## पारंपरिक साड़ी में सजी महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म निभाकर दी बेटी को विदाई, मां को सिंदूर अर्पित कर सुहाग और सुख-समृद्धि की कामना की

**भिलाई।** विजयादशमी के अवसर पर पर बुधवार को ट्विनसिटी की कालीबाड़ियों में मां दुर्गा की विदाई के साथ बंगाली समाज की पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाई गई। सेक्टर-6, नेहरू नगर, स्मृति नगर, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड, हुडको सहित विभिन्न क्षेत्रों की कालीबाड़ियों में महिलाओं ने उत्साह और भावुकता के बीच इस परंपरा को निभाया। लाल-सफेद पारंपरिक साड़ियों में सजी महिलाओं ने सबसे पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया। आम के पत्तों से माता की नजर उतारी और उन्हें मिठाई खिलाकर विदाई दी। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला की बधाई दी और अखंड सौभाग्य, पति की लंबी उम्र तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### विदाई के क्षणों में कई आंखें नम

बंगाली समाज में सिंदूर खेला केवल एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि भावनाओं और पारिवारिक आत्मीयता से जुड़ी परंपरा है। मान्यता है कि मां दुर्गा इन दिनों अपने मायके आती हैं और विजयादशमी पर अपने ससुराल लौटती हैं। इसी भाव के साथ उन्हें उसी तरह विदाई दी जाती है, जैसे मायके से बेटी की विदाई होती है। मां को सिंदूर लगाने के दौरान महिलाओं के चेहरों पर आस्था और उल्लास दिखाई दिया, वहीं विदाई के क्षणों में कई आंखें नम भी हुईं।



सिंदूर खेला के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के माथे और मांग में सिंदूर लगाया, मिठाई खिलाई और गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। लाल और सफेद रंग की साड़ियों में सजी महिलाओं की मौजूदगी से कालीबाड़ियों का वातावरण उत्सवी रंग में रंग गया। मां दुर्गा से आशीर्वाद लेने के बाद सभी ने अगले वर्ष फिर उनके आगमन की कामना की। इस तरह सिंदूर खेला की परंपरा ने मां के प्रति श्रद्धा के साथ महिलाओं के आपसी प्रेम, अपनत्व और एकजुटता के साथ बंगीय परंपरा का निर्वहन किया।



## सिटी इवेंट

### याद किए गए डॉ. कलाम, उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**भिलाई।** समभाव सामाजिक सेवा समिति द्वारा विश्व छात्र दिवस पर पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के सरंक्षक बिमान भट्टाचार्य, बीना भट्टाचार्य और राजेन्द्र नायडू के नेतृत्व में मेन हॉस्पिटल सेक्टर 9 के सभागार में यह आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष पिलेश कुमार सिंह के स्वागत भाषण के बाद सेवानिवृत होने वाले चीफ मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. उदय कुमार के साथ चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. संबिता पंडा का सम्मान किया गया। इसी कड़ी मे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई की सम भावना को ध्यान मे रखते हुए विशिष्ट अतिथियों डॉ. आरपी बिन्दु, नरेश खोसला, शेरे बशीर, पलविंदर सिंह और फ्रांसिस एंथोनी का स्वागत किया गया। संचालन सुनीता पाण्डे और धन्यवाद ज्ञापन जावेद हसन ने किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य दिनेश मिश्रा, जी सूर्यनारायण, बीपी राजपूत, रविन्द्र देबनाथ, रामकिंकर मिश्रा, योगेन्द्र साहू, अंतर्यामी नायक, एस बंद्योपाध्याय, रामसमुझ, गोविंद पाल सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर सभी ने डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।

## धर्म लाइव

### सांई के दीवाने कार्यक्रम आज सम्मानित किए जाएंगे व्यवसायी

**दुर्ग।** कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में स्वर्ण जयंती वर्ष 50वें वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर 22 अक्टूबर को रात 8 बजे सांई के दीवाने कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सार्वजनिक श्री सांई महोत्सव समिति द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सांई बाबा के नाम पर अपने प्रतिष्ठानों और व्यवसायों का संचालन कर उनके विचारों, मानव सेवा तथा परोपकार के संदेशों का प्रचार-प्रसार करने वाले व्यवसायियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह में 25 से अधिक व्यवसायियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के साथ भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है। जिसमें गायक धनंजय तिवारी एवं उनके साथी कलाकार साईं भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी एवं चेंबर के दुर्ग जिला अध्यक्ष अनूप गटागट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल एवं सचिव धीरेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि मंदिर समिति के लिए यह गौरव का विषय है कि शहर में अनेक व्यवसायी वर्षों से श्री साई बाबा के नाम पर अपनी दुकानें एवं प्रतिष्ठान संचालित कर रहे हैं। मुख्य उद्देश्य साईं बाबा के विचारों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा मानव सेवा से जुड़े कार्यों को गति देना है। समाज में सेवा, सहयोग, प्रेम और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए समिति निरंतर प्रयासरत है।

### धम्म दीक्षा दिवस एवं सम्मान समारोह



**भिलाई।** दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बुद्ध विहार सेक्टर 6 भिलाई में धम्म दिक्षा दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम तथागत सम्यक संबुद्ध, बौद्धिसत्व डॉ बाबासाहेब आंबेडकर छाया के सामने द्विप प्रज्वलन, पुष्प अर्पित कर त्रिशरण, पंचशील ग्रहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ट्रस्टी सम्मानित एस.आर.कांडे, प्रमुख अतिथि केएन कांडे, अशोक ढवले, विशेष अतिथि सुनिल रामटेके, संजय शेन्द्रे, आंनद रामटेके, कृष्णा बंसोडकर, अध्यक्ष वर्षा बागडे की अध्यक्षता कार्यक्रम बुद्ध भीम के मधुर संगीत के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर एसआर कांडे ने उपासक उपासिकाओं को संबोधित किया। प्रमुख अतिथि केएन कांडे सेवानिवृत्त एमडी अपेक्स बैंक एवं ओएसडी वन मंत्री छगशासन, प्रमुख अतिथि अशोक ढवले सेवानिवृत्त सहायक अभियंता छग शासन का सेवानिवृत्त पर संस्था द्वारा पुष्पगुच्छ,शाल व मेमोंटो से स्वागत किया। कार्यक्रम में उषा मेश्राम, सुजाता चौहान, निर्मला गजभिए, सविता वासनिक, लता मेश्राम, दुर्गा रामटेके, शारदा मेश्राम, नलिनी चिचखेडे, आशा जुल्मे, हर्षशीला रंगारी, जयश्री बौद्ध, शालु दामले, पुनम ढोक, शुभांगी गजभिए,सरोज बोरकर, जीवन सुर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

### लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर प्रबुद्ध नागरिकों ने किया मंथन

**भिलाई।** देश की वर्तमान परिस्थितियों, राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा से जुड़े विषयों पर चर्चा के लिए दुर्ग-भिलाई के राष्ट्रवादी एवं प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न आंदोलनों, संसदीय परंपराओं, चुनाव आयोग की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जिम्मेदार नागरिक भागीदारी जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर तथ्यपरक संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में कुछ आंदोलनों के पीछे बाहरी शक्तियों की संभावित भूमिका को लेकर आशंकाएं व्यक्त की गईं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि विदेशों से आए कुछ लोगों की भागीदारी वाले आंदोलनों को कुछ राजनीतिक दलों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने इन आशंकाओं की निष्पक्ष जांच कराने और तथ्यों को सार्वजनिक करने की आवश्यकता बताई। साथ ही संवैधानिक संस्थाओं पर लगाए जाने वाले आरोपों, संसद में संसदीय परंपराओं एवं मर्यादाओं के पालन और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर भी चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने निर्णय लिया कि संवैधानिक व्यवस्था, लोकतांत्रिक संस्थाओं और राष्ट्रीय हितों से जुड़े विषयों पर समाज के बीच संवाद स्थापित किया जाएगा। बैठक में अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय सदस्य समीर त्रिपाठी, भिलाई चेम्बर के अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र, हिंदू युवा मंच के संयोजक गोविंद राज नायडू, छत्तीसगढ़ बंग समाज के अध्यक्ष उदय दत्त, जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के विनोद अग्रवाल, बीएसपी वर्कर्स यूनियन के महासचिव शिव बहादुर सिंह, रूपेंद्र वरउडे तथा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के पूर्व कुलपति प्रो. एन. पी. दीक्षित आदि मौजूद थे।

● दूसरे दिन भी ट्विनसिटी के विभिन्न स्थानों में हुआ दशहरा का आयोजन, हुई रामलीला

# रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का हुआ दहन आतिशबाजी संग बिखरी लोक संस्कृति की छटा

भिलाई। विजयादशमी पर दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नेवईभाठा-उमरपोटी में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन हुआ, वहीं पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में 50 फीट ऊंचे रावण का दहन और रामलीला आकर्षण का केंद्र रहे। आतिशबाजी, छत्तीसगढ़ी लोक रागिनी और धार्मिक आयोजनों के बीच लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व मनाया। कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव भी विभिन्न दशहरा आयोजनों में शामिल हुए और प्रदेशवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।



### लोक रागिनी ने बिखेरे छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग

उत्सव में आयोजित लोक रागिनी कार्यक्रम आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक कला और लोक संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। लोकगीतों की धुन पर लोगों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले सार्वजनिक दुर्गा मैदान में नौ दिनों तक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### नेवईभाठा-उमरपोटी में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का दहन

सार्वजनिक दुर्गा मैदान नेवईभाठा-उमरपोटी में विजयादशमी का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों के दहन के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने उत्सव का आकर्षण बढ़ाया। आयोजन स्थल पर मेले जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में सत्य, सदाचार और नैतिक मूल्यों को अपनाना चाहिए। उन्होंने सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया।

### मंत्री गजेन्द्र यादव ने दी विजयादशमी की शुभकामनाएं



कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने विजयादशमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व जीवन में नई ऊर्जा का संचार करने के साथ सत्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन सभी के लिए आदर्श है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समरसता, भाईचारा और मानवीय मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है। मंत्री गजेन्द्र यादव बैगापारा मिनी स्टेडियम और ऋषभ ग्रीन सिटी में आयोजित दशहरा उत्सवों में भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीराम की आरती में भाग लिया और रावण दहन देखा। इस दौरान उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

### पद्मनाभपुर में 50 फीट ऊंचे रावण का दहन

पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में न्यू तरुण खेल एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से 26वां विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। भव्य रामलीला के मंचन और गगनचुंबी आतिशबाजी ने दर्शकों को आकर्षित किया। आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक दुबे, समाजसेवी रत्नाकर राव, दुर्ग निगम के एमआईसी सदस्य लीलाधर पाल, पार्षद संजय अग्रवाल, दीपक साहू, सरिता विनोद चंद्राकर और समाजसेवी सुरजीत सिंह सलूजा उपस्थित रहे। दीपक दुबे ने कहा कि विजयादशमी पर्व हमें अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त कर सदाचार और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन अनिल बल्लेवार और कुलवंत सिंह भाटिया ने किया। प्रोफेसर ए.के. खान ने आभार व्यक्त किया।




## ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में आयोजन

# रावण दहन के बजाय अवगुणों की आहुति देकर बुराइयों को त्यागने का लिया संकल्प



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में विजयादशमी का पर्व आध्यात्मिक उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुर्ग के विभिन्न सेवा केंद्रों से आए भाई-बहनों ने अपने जीवन की बुराइयों को त्यागकर श्रेष्ठ संस्कार अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में परंपरागत रावण दहन के स्थान पर एक अनूठी आध्यात्मिक पहल की गई। ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका रीटा ने सभी से आह्वान किया कि वे अपने जीवन के उन अवगुणों को पहचानें, जिन्हें छोड़ना चाहते हैं और उन्हें कागज पर लिखकर परमात्मा के सम्मुख दृढ़ संकल्प करें। इसके बाद सभी भाई-बहनों ने अपने हस्तलिखित अवगुणों की पर्चियों को हवन की अग्नि में स्वाहा कर बुराइयों से मुक्त होने तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

बीके रीटा ने विजयादशमी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि रावण बुराइयों और विकारों का प्रतीक है, जबकि राम परमात्मा की श्रेष्ठता एवं दिव्य गुणों का प्रतीक हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, नफरत, छल-कपट, जिद और आलस्य रूपी दस विकार ही मनुष्य के भीतर का रावण हैं। जब हम परमात्मा के ज्ञान और मेडिटेशन के माध्यम से उनसे जुड़ते हैं, तो शांति, सुख, प्रेम, आनंद, पवित्रता, शक्ति और ज्ञान जैसे सात दिव्य गुणों को जीवन में धारण करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों के भीतर के रावण को देखने के बजाय अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त करना ही विजयादशमी का सच्चा संदेश है। वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रूपाली ने कहा कि परमात्म ज्ञान हमें अपने विकारों को पहचानने और उन्हें जड़ से समाप्त करने की शक्ति देता है। राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से आत्मा परमात्मा से शक्ति प्राप्त कर अपने संस्कारों को श्रेष्ठ बना सकती है। जब हम अपने भीतर की नकारात्मकता को समाप्त कर पवित्रता और दिव्यता को धारण करते हैं, तभी जीवन में सच्चा परिवर्तन आता है। उन्होंने कहा कि अपने अंदर के रावण पर विजय प्राप्त करना ही सच्चा आध्यात्मिक पुरुषार्थ है। इसके पश्चात मनाई जाने वाली दीपावली आत्मा में ज्ञान और दिव्य गुणों का प्रकाश जगाने का प्रतीक है। आनंद सरोवर में मनाया गया विजयादशमी पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण, आत्मपरिवर्तन और बुराइयों पर विजय प्राप्त करने का प्रेरणादायी संदेश बन गया।



## देशभर के समाज प्रमुख हुए शामिल

### ओडिशा के राज्यपाल के शपथ ग्रहण में शामिल हुए धोबी समाज के प्रतिनिधि



**भिलाई।** धोबी समाज के राष्ट्रीय नेता बृजमोहन राम के ओडिशा के रायपाल पद की शपथ ग्रहण समारोह में देशभर के समाज प्रमुख शामिल हुए। छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और झारखंड के प्रतिनिधियों की प्रमुख भागीदारी रही। छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, भिलाई से हीरालाल निर्मलकर और अश्विनी बरेठ शामिल हुए। वहीं ओडिशा से दिलीप निर्मलकर, उमेश सेठी, टामन कन्नौजे, संतोष कन्नौजे और धनेश्वर निर्मलकर और झारखंड से बाल गोविंद रजक व अवधेश बैठा उपस्थित रहे। समाज पदाधिकारियों के अनुसार, प्रतिनिधियों के लिए राजभवन में विशेष व्यवस्था की गई थी। इस दौरान दिसंबर में प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया गया। अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक को भी आमंत्रित करने की तैयारी है।

**भिलाई के हीरालाल निर्मलकर भी शामिल**

## भिलाई के विभिन्न समितियों ने दशहरा उत्सव का किया आयोजन

# 60 हजार रामभक्तों की उपस्थिति में अहंकारी रावण का दहन, उत्सव का साक्षी बना भिलाई

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल भिलाई द्वारा आयोजित सार्वजनिक दशहरा पर्व 2026 का 31वाँ आयोजन सेक्टर–7 हाई स्कूल दशहरा मैदान में भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। लगभग 60 हजार रामभक्तों की उपस्थिति में अहंकारी रावण का दहन हुआ। श्रद्धा, संगीत और आतिशबाजी से सजे इस आयोजन ने दर्शकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया। असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अहंकार पर मर्यादा की विजय के प्रतीक रावण दहन के साथ मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूँज उठा। आयोजन का प्रमुख आकर्षण काकीनाडा, आंध्र प्रदेश की आतिशबाजी एवं इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी का लगातार 40 मिनट तक चला भव्य प्रदर्शन रहा। आकाश में उभरते रंगबिरंगे प्रकाश पुंजों और आतिशी आकृतियों के विहंगम दृश्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। निरंतर बदलते रंगों और रोशनी से सजा आकाश उत्सव की भव्यता को और बढ़ाता रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक रिकेश सेन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन तथा आरण्य केडिया थे। मार्स द बैंड ने सुमधुर गीतों से समां बांधा। आयोजन में जी. अमर, राजनारायण सिंह, एम. इम्मानुएल, प्रसाद राव, प्रकाश राव, कृपानंदन राव, अभय प्रसाद, उज्जवल तिवारी, जोगेंद्र कुमार, रमेश कुहिकर, एस. अर्शद हुसैन, सुदीप धर दीवान, संतोष सिंह, रविन्द्र सिंह आदि का योगदान रहा।




### नवयुवक दशहरा उत्सव समिति आमदी नगर

**भिलाई।** नवयुवक दशहरा उत्सव समिति आमदी नगर हुड़को द्वारा दशहरा उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हुड़को के दशहरा मैदान में आयोजन किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सीजू एन्थोनी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए दशहरा पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण प्रतिमा चंद्राकर आयोजन समिति के अध्यक्ष सीजू एन्थोनी शामिल हुए।

### रिसाली में शामिल हुए विधायक ललित



**रिसाली।** रिसाली दशहरा मैदान में आयोजित विजयादशमी उत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। भगवान श्री रामचंद्र, भगवान लक्ष्मण, हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई की विजय का शाश्वत संदेश देता है। विजयादशमी हमें अपने जीवन में सत्य, धर्म, न्याय और मानवता के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंचोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा-पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, माया बेलचंदन, आयोजक अध्यक्ष सूरज वर्मा, गैन्दलाल वर्मा, चुम्मन देशमुख, एमआईसी सदस्य सनीर साहू, दीपक पप्पू चंद्राकर, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, रमा साहू, चंद्रभान ठाकुर, जमुना ठाकुर, दिनेश पटेल, राजेन्द्र रजक,भूपेंद्र दास, शकुंतला दास, शिखा तिवारी, उजियार सिंह पवार, सारिका साहू, सविता महिलांग आदि मौजूद रहे।

## हेल्थ टिप्स

### एशियन गेम्स पदक विजेता अनिमेष का सम्मान



**रायपुर।** 20वें एशियाई खेलों (जापान) में मिक्स्ड रिले इवेंट में भारत को कांस्य पदक दिलाने वाले छत्तीसगढ़ (जशपुर) के स्टार एथलीट अनिमेष कुजूर के छत्तीसगढ़ आगमन पर उनका और उनके परिजनों का भव्य स्वागत किया गया। 100 मीटर और 200 मीटर के नेशनल रिकॉर्ड होल्डर अनिमेष को छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया ने सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। सिसोदिया ने एशियन गेम्स में 200 मीटर दौड़ में पांचवां स्थान प्राप्त करने पर चर्चा की, आगामी अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की तैयारियों की जानकारी ली और छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जीएस बामरा, परविंदर सिंह ग्रेवाल, आदित्य सिंह ठाकुर, रितिका सिंह सहित एथलेटिक्स खेल से जुड़े कई प्रशिक्षक और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने 155 रनों से जीता मैच



**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी और गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला गया। ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 155 रनों से जीत लिया।

टॉस जीतकर गोविंद चौहान अकादमी ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। ओसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 271 रन बनाए, जिसमें सोमिल ने 86, गोपाल ने 55 और आदित्य राज ने 42 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में गोविंद चौहान अकादमी की ओर से सिद्धांत भागवत और वासी हुसैन ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी 116 रन पर ही ढेर हो गई। ओसीए की तरफ से स्वप्निल राणा ने 3 विकेट झटके। शानदार प्रदर्शन करने वाले सोमिल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस अंपायर विनोद देवघरे के हाथों प्रदान किया गया।

### क्रिकेट में बीएसपी, कोरबा कांकेर और जशपुर विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रोमांचक मुकाबले हुए। न्यू ग्राउंड कांकेर में खेले गए मैच में बीएसपी ने बस्तर को 5 विकेट से पराजित किया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बस्तर की टीम 129 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसके जवाब में बीएसपी की टीम ने 5 विकेट खोकर 132 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं, बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में खेले गए एक अन्य रोमांचक मुकाबले में कोरबा ने कोरिया जिला को 1 विकेट से मात दी। इस मैच में कोरिया जिला की टीम 124 रन पर आउट हो गई, और कोरबा ने 9 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाकर जीत अपने नाम की।

इसके अतिरिक्त, दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में हुए मुकाबले में कांकेर ने महासमुंद को 64 रनों से शिकस्त दी। कांकेर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 279 रन बनाए, जिसके जवाब में महासमुंद की टीम 9 विकेट पर 215 रन ही बना सकी। धमतरी में खेले गए मैच में जशपुर ने धमतरी को 6 विकेट से हराया। इस मैच में धमतरी की टीम 150 रन पर सिमट गई, और जवाब में जशपुर ने 4 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

### कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप छत्तीसगढ़ के मोरध्वज रेफरी



**रायपुर।** पहली कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद में 21 से 30 अक्टूबर तक आयोजित है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में जिला कबड्डी संघ कोरबा के वरिष्ठ सदस्य मोरध्वज सिंह का चयन रेफरी के रूप में किया गया है।


---

इंटरनेट और सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य संबंधी नुस्खे आजमाने का बढ़ता चलन और इसके छिपे हुए खतरे

# सोशल मीडिया के हेल्थ टिप्स से कहीं भारी न पड़ जाए आपकी सेहत, खुद से इलाज करने की आदत बन सकती है जानलेवा

क्या आप भी किसी स्वास्थ्य समस्या के होने पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित चैटबॉट्स या वीडियो साझा करने वाले मंचों पर खुद ही इसके उपाय ढूंढने लगते हैं? क्या इंटरनेट पर देखकर बिना किसी चिकित्सीय परामर्श के दवाइयां शुरू कर देना आपकी आदत बन चुकी है? यदि आपका जवाब हां है, तो आपको तुरंत सतर्क हो जाने की आवश्यकता है, क्योंकि आपकी यह छोटी सी लापरवाही भविष्य में किसी बड़ी मुसीबत का कारण बन सकती है। आजकल अधिकांश लोग किसी भी छोटी-मोटी बीमारी या स्वास्थ्य समस्या के घरेलू उपाय जानने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया मंचों का अंधाधुंध सहारा ले रहे हैं। यहां वजन घटाने, रक्त शर्करा को नियंत्रित करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के ढेरों नुस्खे आसानी से मिल जाते हैं।

सोशल मीडिया पर सक्रिय सामग्री निर्माता भी बीमारियों को चुटकियों में ठीक करने के ऐसे-ऐसे दावे करते हैं कि पहली नजर में वह तरीका एकदम सटीक और अचूक प्रतीत होता है। असली परेशानी तब शुरू होती है, जब लोग इन अप्रमाणित दावों पर आंख मूंदकर भरोसा कर लेते हैं और डॉक्टर की सलाह के बिना खुद से दवाइयां खाना या अपनी पुरानी चल रही दवा को अचानक



बंद कर देते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि प्रत्येक मनुष्य की शारीरिक उम्र, चिकित्सीय इतिहास और बीमारी के लक्षण पूरी तरह भिन्न होते हैं। इसलिए, जो नुस्खा या उपाय किसी एक व्यक्ति के लिए फायदेमंद साबित हुआ हो, यह बिल्कुल जरूरी नहीं है कि वह दूसरे व्यक्ति के लिए भी उतना ही गुणकारी हो।

#### सोशल मीडिया के वायरल दावों पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचें


इंटरनेट पर किसी वीडियो का अत्यधिक वायरल होना या उस पर लाखों लाइक्स होना इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि उसमें दी गई जानकारी वैज्ञानिक रूप से शत-प्रतिशत सही है।



सोशल मीडिया पर कई बार बिना किसी वैज्ञानिक आधार या प्रमाण के बड़े-बड़े दावे परोसे जाते हैं। चूंकि ये मंच या वीडियो बनाने वाले लोग एक साथ बहुत बड़े जनसमूह को ध्यान में रखकर अपनी बात रखते हैं, इसलिए उनका वह नुस्खा हर किसी पर एक जैसा असर दिखाए, यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। यही कारण है कि इंटरनेट पर मिलने वाले किसी भी स्वास्थ्य दावे पर कभी भी आंख बंद करके भरोसा नहीं करना चाहिए। कई बार बाहर से बहुत हल्की या सामान्य दिखने वाली स्वास्थ्य समस्या के भीतर कोई गंभीर बीमारी पल रही होती है, और ऐसे में केवल सोशल मीडिया के भरोसे रहने से सही समय पर असल बीमारी की पहचान नहीं हो पाती है।

#### खुद से इलाज करने की भूल कभी न करें, सेहत पर पड़ सकता है भारी असर

यदि आप सोशल मीडिया और इंटरनेट की दुनिया से प्रेरित होकर अपनी किसी भी बीमारी का खुद ही डॉक्टर बनकर इलाज शुरू कर देते हैं, तो इसका परिणाम आपकी सेहत के लिए बेहद घातक साबित हो सकता है। बिना डॉक्टर की देखरेख के गलत दवा का सेवन करने से




गंभीर दुष्प्रभाव हो सकता है और यह शरीर में पहले से ली जा रही अन्य दवाओं के साथ गलत प्रतिक्रिया भी कर सकती है। केवल घरेलू नुस्खों या इंटरनेट के भरोसे बैठे रहने से अंदरूनी और गंभीर बीमारी का पता बहुत देर से चलता है, जिससे इलाज में अनावश्यक देरी हो जाती है। इसके अलावा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों की दवाइयां बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह के खुद से बंद कर देना शरीर को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। हर बार हर संक्रमण में एंटीबायोटिक दवा की जरूरत नहीं होती है, और बिना किसी डॉक्टर के परामर्श के इन शक्तिशाली दवाओं का अंधाधुंध सेवन करने से बैक्टीरिया में दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने लगती है, जिससे भविष्य में सामान्य दवाइयां भी शरीर पर असर करना छोड़ देती हैं।

---



## स्टेपर मशीन देगी पूरे शरीर की टोनिंग, तेजी से घटेगा वजन

आज के समय में लोग अपनी सेहत को लेकर काफी जागरूक हो चुके हैं और एक स्वस्थ जीवनशैली जीने के लिए नियमित रूप से एक्सरसाइज करते हैं। फिटनेस और वर्कआउट रूटीन में कई तरह की गतिविधियों को शामिल किया जाता है, जिनमें कार्डियो वर्कआउट सबसे अहम माना जाता है। कार्डियो के दौरान हम विभिन्न प्रकार की एक्सरसाइज करते हैं।

स्टेपर मशीन को अक्सर कार्डियो वर्कआउट रूटीन का हिस्सा बनाया जाता है। यह न केवल अतिरिक्त कैलोरी बर्न करके वजन को तेजी से कम करने में सहायक है, बल्कि शरीर की मांसपेशियों (मसल्स) को भी जबरदस्त फायदा पहुंचाती है।

#### प्लैंक स्टेप-अप्स

स्टेपर की मदद से प्लैंक स्टेप-अप्स आसानी से किए जा सकते हैं। यह एक्सरसाइज आपकी कोर मसल्स को सीधे टारगेट करती है, जिससे आपके एब्स, ऑब्लिक्स और



लोअर बैक मजबूत होते हैं। साथ ही, इससे वजन घटाना भी काफी आसान हो जाता है। यह एक बेहतरीन फुल बॉडी वर्कआउट है जो पूरे शरीर को टोन करता है।

#### करने का तरीका

सबसे पहले अपने शरीर को प्लैंक पोजीशन में लाएं। अपने दोनों हाथों को जमीन पर और स्टेपर के पास रखें। अब अपने दाहिने हाथ को उठाकर स्टेपर बेंच पर रखें और फिर वापस शुरुआती स्थिति में ले आएं। इसके बाद बाएं हाथ से यही प्रक्रिया दोहराएं। अपनी क्षमता के अनुसार इस क्रम को जारी रखें।

#### हाई नी स्टेप-अप

हाई नी स्टेप-अप आपकी मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और शरीर के निचले हिस्से (लोअर बॉडी) की स्ट्रेंथ को बढ़ाता है। इस एक्सरसाइज का cardiovascular स्वास्थ्य पर भी बहुत सकारात्मक असर पड़ता है। यह एक हाई-इंटेंसिटी एक्सरसाइज है, इसलिए यह तेजी से कैलोरी बर्न करने और वजन घटाने में बहुत मददगार साबित होती है।

#### करने का तरीका

स्टेपर की ओर मुंह करके सीधे खड़े हो जाएं। अब एक पैर से स्टेपर पर कदम रखें। जैसे ही आप ऊपर चढ़ते हैं, अपने दूसरे पैर के घुटने को ऊपर छाती की तरफ उठाएं। इसके बाद पैर को वापस नीचे जमीन पर लाएं और दूसरे पैर से इसी प्रक्रिया को दोहराएं।

#### ट्राइसेप्स स्टेपर डिप्स

स्टेपर की मदद से आप आर्म्स के लिए ट्राइसेप्स डिप्स एक्सरसाइज भी कर सकते हैं। यह आपकी ट्राइसेप्स मसल्स को मजबूती प्रदान करती है और साथ ही शरीर का संतुलन (बॉडी बैलेंस) व स्थिरता (स्टेबिलिटी) भी सुधारती है।



---

# हर सुबह मलासन में बैठकर पिएं पानी, मिलेंगे ये अद्भुत लाभ



स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और इसे बनाए रखने के लिए प्राचीन भारतीय परंपराओं व योगशास्त्र में कई सहज नियम बताए गए हैं। योग हमारे शरीर और मन को निरोगी रखता है, वहीं पानी शरीर की समस्त आंतरिक प्रणालियों को शुद्ध और विषरहित बनाए रखता है। जब हम इन दोनों प्राकृतिक नियमों का एक साथ समावेश करते हैं, तो सेहत को अकल्पनीय लाभ मिलते हैं। सुबह उठकर मलासन यानी उकड़ू बैठकर पानी पीने की साधारण सी दिखने वाली यह आदत हमारे पाचन तंत्र से लेकर त्वचा की रंगत तक में चमत्कारी बदलाव ला सकती है।

#### मलासन में पानी पीने के स्वास्थ्य लाभ और सही तरीका

प्रसिद्ध योगा शिक्षिका दिलराज कौर बताती हैं कि सुबह खाली पेट मलासन की स्थिति में बैठकर पानी पीने से शरीर की कार्यप्रणाली बेहद सुचारू हो जाती है। मलासन मुख्य रूप से हमारे हिप्स, पेल्विक रीजन और पेट के निचले हिस्से के अंगों पर काम करता है। इस उकड़ू स्थिति में बैठकर पानी पीने से पेट और आंतों पर एक प्राकृतिक दबाव बनता है, जिससे बाउल मूवमेंट में तेजी आती है और सुबह बिना किसी परेशानी के पेट आसानी से साफ हो जाता है। इसके नियमित अभ्यास से पुरानी से पुरानी कब्ज, गैस, एसिडिटी और यूरिनरी ट्रैक्ट में होने वाली जलन से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाती है।

इसके अलावा, यह आदत शरीर से रातभर में जमा हुए सभी हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालकर बॉडी को पूरी तरह डिटॉक्स करती है, जिससे चेहरे पर स्वाभाविक ग्लो आता है और सिरदर्द या माइग्रेन की शिकायत दूर होती है। पर्याप्त हाइड्रेशन मिलने से हमारी मांसपेशियों को ताकत मिलती है, ऐंठन दूर होती है और शरीर का लचीलापन काफी बढ़ जाता है। हालांकि, इस क्रिया को करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि एक बार में बहुत अधिक पानी गटकने के बजाय छोटे-छोटे घूंट लेकर ही पानी पिएं, ताकि शरीर का संतुलन बना रहे और पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव न पड़े।

# मूंग दाल का पिज्जा, हेल्थ के साथ स्वाद का भी डोज़



पिज्जा भले ही इटली से ताल्लुक रखता है, लेकिन भारत में इसके दीवाने हजारों हैं। मास्टरशेफ पंकज भदौरिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मूंग दाल पिज्जा की रेसिपी शेयर की है। सबसे पहले इसके लिए पीली मूंग दाल लेकर उसे साफ करके 2-3 बार धोकर भिगोने के लिए छोड़ दें। दाल को लगभग 6-8 घंटे के लिए भिगोएं, इसके बाद आपके लिए बैटर बनाना आसान होगा। 6 घंटे के बाद दाल को बिना पानी के ब्लेंडर में डालकर पीस लें। यह एक स्मूथ कंसिस्टेंसी के बैटर में तैयार होना चाहिए। इसे एक बार चम्मच से अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस मैटर में नमक और दो बड़े चम्मच वेजिटेबल ऑयल डालकर अच्छी तरह से मिला लें। इसके बाद बैटर में एक पैकेट ईनो को डालकर व्हिस्कर से मिला लें। इस बैटर को लगभग 2 मिनट के लिए अलग रखें। अब टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च (शिमला मिर्च के हैक्स) को क्यूब्स में काटकर एक प्लेट में रख लें। अगर आप इसमें कॉर्न, पनीर या अन्य कोई वेजिटेबल डालना चाहते हैं, तो वो भी तैयार करके रख सकते हैं। एक नॉन स्टिक पैन को मीडियम आंच पर गर्म कर लें। अगर आपको लगता है कि आपका बैटर इस पैन में चिपकेगा, तो बहुत हल्का तेल पैन में ब्रश कर लें। इसके बाद, एक छलनी से बैटर लेकर इसमें डालकर फैलाएं। आप इसे क्वार्टर प्लेट जितना फैला सकते हैं। आंच को धीमा करके पैन पर लिड रखें और इसे 1-2 मिनट नीचे से पकने दें। ढक्कन हटाकर इसमें पिज्जा सॉस (होममेड पिज्जा सॉस) फैला लें। ऊपर से इसमें ग्रेटेड चीज डालें। बेस को चीज से अच्छे से कवर कर लें। पिज्जा बेस के ऊपर अपनी पसंदीदा सब्जियों को फैलाएं और फिर धीमी आंच पर ढक्कन से ढककर 3-4 मिनट पकाएं।

---

कार्नर न्यूज

भारतीय संस्कृति और पर्वों का महत्व

# त्योहारों पर वास्तु के नियमों का रखें विशेष ध्यान, जीवन में बनी रहेगी सुख-समृद्धि और मिलेगी सकारात्मक ऊर्जा

हमारे देश में सबसे ज्यादा त्योहार मनाए जाते हैं, जहां विभिन्न धर्मों के लोग अपने-अपने उत्सव और पर्व को अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुसार हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। त्योहारों के मौसम की शुरुआत होने वाली है। वास्तु मान्यताओं के अनुसार त्योहार के दिनों में ऐसा कोई भी नकारात्मक कार्य नहीं करना चाहिए जिससे आपकी और आपके परिवार की खुशियां फीकी पड़ जाएं। जीवन में शुभ फलों की वृद्धि और अशुभ फलों से बचने के लिए कुछ खास बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

#### वस्त्र चयन में सावधानीः फटे और मैले कपड़ों से बनाएं दूरी

आधुनिक युग में फटे हुए कपड़े पहनना काफी प्रचलन में आ गया है, लेकिन ऐसे परिधान हमारी भारतीय संस्कृति और वास्तु शास्त्र में बिल्कुल भी शुभ नहीं माने जाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि फटे और मैले वस्त्र पहनने से व्यक्ति की शारीरिक क्षमता व सकारात्मक ऊर्जा का ह्रास होता है। ऐसे कपड़े हमारे तन और मन को शिथिल बनाकर कई प्रकार की बीमारियों को भी जन्म देते हैं। इसके



साथ ही, गंदे और फटे वस्त्र अपने साथ दुर्भाग्य लेकर आते हैं और घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होने लगता है।

#### आपसी प्रेम और सद्भावः कलह और वाद-विवाद से पूरी तरह बचें

त्योहार आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश देकर जीवन में नवचेतना का संचार करते हैं। वैसे तो सदैव ही कलह और वाद-विवाद से हमेशा दूर रहने का प्रयास करना चाहिए, परन्तु विशेष रूप से त्योहार के दिन घर में लड़ाई-झगड़े और बहस बाजी से पूरी तरह बचना चाहिए। हो सकता है एक छोटी सी बहस आपके पूरे उत्सव के मूड को बर्बाद कर दे। वास्तु की दृष्टि से देखें तो त्योहार के पावन अवसर पर लड़ाई-झगड़ा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का तीव्र प्रवाह होता है, जिससे आपकी तरक्की और उन्नति अवरुद्ध हो सकती है।

#### स्वच्छता का रखें विशेष ध्यानः घर में गंदगी और कबाड़ न रखें

त्योहारों पर साफ-सफाई का उद्देश्य केवल परंपरा का निर्वहन करने या सुख-समृद्धि के आगमन से ही नहीं होता है, बल्कि घर में मौजूद गंदगी, धूल-मिट्टी और मकड़ी के जाले से वहां नेगेटिव एनर्जी बढ़ने लगती है, जिसका बुरा असर आपके काम और मन पर पड़ता है। घर में रखा अनुपयोगी और टूटा-फूटा सामान भी नकारात्मकता फैलाता है, जिसकी वजह से परिवार में अशांति का माहौल बन जाता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

**सोशल मीडिया पर छाई काइली जेनर, रियलिटी शो से अरबों की मालकिन बनने का सफर**

अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार और मॉडल काइली जेनर



एक बार फिर दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। लॉस एंजिलिस में आ यो जि त एक फैशन शो के दौरान उन्होंने 50 मिलियन डॉलर यानी करीब 440 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाली बेहद खास फैंटेसी ब्रेसियर पहनकर रैंप वॉक किया, जिसने फैशन जगत और सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरीं।

इस ब्रेसियर को लग्जरी ज्वेलरी ब्रांड जैकब एंड कंपनी ने तैयार किया है, जिसमें 4,410 प्राकृतिक हीरे जड़े हैं और बीच में 75.54 कैरेट का चमकीला पीला हीरा लगाया गया है। इसे तैयार करने में 15 कारीगरों ने 1,000 घंटे से अधिक का समय लिया है, और पारंपरिक कपड़े के बजाय इसे पूरी तरह सोने और हीरों की मदद से लगभग 1.8 किलो वजन के साथ तैयार किया गया है। काइली की जबरदस्त लोकप्रियता और पॉप कल्चर में उनकी प्रभावशाली मौजूदगी के कारण ही ब्रांड ने उन्हें इस खास शो के लिए चुना। कैलिफोर्निया में जन्मी काइली को शुरुआती पहचान उनके पारिवारिक रियलिटी शो 'कीपिंग अप विद द कार्दशियंस' से मिली थी, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत से इसे आगे बढ़ाते हुए साल 2015 में अपना कॉस्मेटिक्स कारोबार शुरू किया। आज उनके ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सोशल मीडिया की मजबूत रणनीति और डिजिटल ब्रांड के रूप में उनकी पहचान ने उन्हें कम उम्र में ही एक सफल उद्यमी बना दिया है, और उनकी अनुमानित संपत्ति लगभग 5,695 करोड़ रुपये से लेकर 5,950 करोड़ रुपये के बीच है।

### टॉलीवुड

**अभिनेता तेजा ने अनोखे अंदाज में किया अपनी अगली फिल्म 'तुलाभारम' का ऐलान**



साउथ सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता रवि तेजा अपनी हा लि या ब्लॉकबस्टर फि ल म 'इरुमुडी' की शानदार सफलता के बाद एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 'मास महाराजा' के नाम से मशहूर रवि तेजा ने अपनी बहुप्रतीक्षित अपकमिंग फिल्म के टाइटल का ऐलान बेहद अनूठे और रचनात्मक अंदाज में करके फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्ममेकर विवेक आत्रेय के निर्देशन में बनने जा रही इस फिल्म का आधिकारिक नाम 'तुलाभारम' रखा गया है। अमूमन साउथ सिनेमा में फिल्मों के टाइटल की घोषणा पोस्टर या टीजर के जरिए की जाती है, लेकिन मेकर्स ने इसके लिए एक विशेष डॉक्यूमेंट्री स्टाइल वीडियो साझा किया।

इस अनाउंसमेंट वीडियो में निर्देशक विवेक आत्रेय और फिल्म की मुख्य स्टारकास्ट के बीच टाइटल को लेकर होने वाली हलचल और मजेदार बातचीत को दिखाया गया है। विवेक आत्रेय के खास और दिलचस्प कहानी कहने के तरीके ने इस वीडियो को बेहद मनोरंजक बना दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर फैंस द्वारा काफी पसंद और शेयर किया जा रहा है।

फिल्म 'तुलाभारम' में रवि तेजा के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की दो प्रतिभावान अभिनेत्रियां — प्रियंका मोहन और अनस्वरा राजन मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। घोषणा वीडियो में इन दोनों अभिनेत्रियों की मौजूदगी ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता को दोगुना कर दिया है। फिल्म का निर्माण ब्रिज प्रोडक्शंस बैनर के तले किया जा रहा है, जिसके प्रोड्यूसर लक्ष्मण और श्रीनी राव हैं। रविवार को पारंपरिक पूजा और मुहूर्त सेरेमनी के साथ फिल्म की औपचारिक शूटिंग शुरू कर दी गई है। सेट से सामने आई तस्वीरों और अनाउंसमेंट वीडियो के बाद रवि तेजा के चाहने वालों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। विवेक आत्रेय और रवि तेजा की यह जोड़ी पर्दे पर क्या नया कमाल दिखाएगी।

### भोजपुरी

**पवन ने अक्षरा और उनके परिवार से मांगी माफी, वायरल वीडियो पर छिड़ी नई चर्चा**


भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह और अभिनेत्री अक्षरा सिंह के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवादों के बीच अब यह मा म ला



सुलझता हुआ नजर आ रहा है। मुंगेर में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंच से फैंस को संबोधित करते हुए पवन सिंह ने अक्षरा सिंह और उनके परिवार से खुलेआम माफी मांगी और भविष्य में साथ काम करने की इच्छा भी जताई। उन्होंने मंच से कहा कि अक्षरा उनकी बाबू और बच्चा जैसी है तथा वे उनके माता-पिता का पूरा सम्मान करते हैं। इस दौरान जब एक फैन ने उनकी ऑन-स्क्रीन वापसी को लेकर सवाल किया, तो पवन ने सकारात्मक जवाब देते हुए अपनी गलती पर दिल से सॉरी कहा और अक्षरा के माता-पिता को प्रणाम करते हुए बड़े-बुजुर्गों का आदर करने की बात कही। इस वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने भी सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जबकि अतीत में अक्षरा द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों और कानूनी मामलों के बाद इस नए घटनाक्रम ने एक बार फिर दोनों कलाकारों को सुर्खियों में ला दिया है।

## विरासत का फैशन

प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर अमित अग्रवाल ने लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई में अपने शानदार शोकेस के लिए 'इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वेलरी' के साथ हाथ मिलाया है। इस शो के जरिए उन्होंने यह खूबसूरती से सामने रखा है कि जब आधुनिक फैशन, समृद्ध विरासत और पारंपरिक आभूषण एक साथ मिलकर चलते हैं, तो किस तरह का अनूठा संवाद पैदा होता है। उनके इस नए दृष्टिकोण ने फैशन जगत में भारत के बारे में सोचने के तरीकों को एक नया आयाम दिया है।




# चेहरे पर डार्क स्पॉट कम करने अपनाएं ये टिप्स

काफा काशश करन क बाद भा अगर आपक चहर पर हान वाले दाग धब्बे कम नहीं हो रहे हैं तो इसके लिए आप एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।इसके लिए जरूरत है आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई करने की। डॉ. आंचल जो की एक डर्मेटोलॉजिस्ट हैं उन्होंने अपनी इस वीडियो में बताया कि आप किस तरीके से डार्क स्पॉट को कम कर सकती हैं।

### स्किन को करें मॉइश्चराइज

अगर आपको डार्क स्पॉट से छुटकारा पाना है तो इसके लिए आप मॉइश्चराइजर लगाएं। अगर आप इसका इस्तेमाल अपनी स्किन पर रोजाना करेंगी तो आपको डार्क स्पॉट की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके लिए आप चाहे तो घर पर रखी चीजों से भी स्किन को मॉइस्चराइज कर सकती हैं इसके लिए मलाई या फिर एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को कम करना है तो इसके लिए आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि जब भी हम (चेहरे के दाग धब्बों के लिए इस्तेमाल करें मुल्तानी मिट्टी) धूप में निकलते हैं तो स्किन के डार्क स्पॉट ज्यादा नजर आते हैं। ऐसे में धूप की वजह से ये परेशानी ज्यादा न हो इसके लिए आपको सनस्क्रीन का इस्तेमाल धूप में निकलने से पहले जरूर करना चाहिए। इससे स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को हील होने में मदद मिलती है।



### सीरम का करें स्किन पर इस्तेमाल

सीरम का इस्तेमाल अगर आप नहीं करती हैं तो डार्क स्पॉट की समस्या को दूर करने के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन पर डा डार्क स्पॉट की समस्या कम होती है। इसलिए आपको इसका इस्तेमाल करना चाहिए। आप इसे घर पर रखी चीजों से बनाकर लगा सकती हैं।

### स्किन पर न करें इन चीजों का इस्तेमाल

अगर आपकी स्किन पर डार्क स्पॉट की समस्या हो रही है तो ऐसे में आपको स्क्रब का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसके इस्तेमाल से आपके डार्क स्पॉट की समस्या ज्यादा बढ़ सकती है। इसलिए कोशिश करें कि किसी भी तरह का स्क्रब का इस्तेमाल न करें।

# विंटर फैशन में क्लासिक फैब्रिक्स की हो रही वापसी



सर्दियां अभी पूरी तरह से आई नहीं है। लेकिन इसके पहले इस विंटर सीज़न अगर आप भी अपने वॉर्डरोब को अपग्रेड करने की सोच रहे हैं, तो कुछ खास क्लासिक फैब्रिक्स को अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करें!



यह जाहिर है कि पुरुषों का फैशन सिर्फ खुद को ठंड से बचाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह अपनी स्टाइल स्टेटमेंट को दर्शाने का सबसे बेहतरीन मौका होता है। पिछले कुछ समय में मेन्सवियर की दुनिया में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पुरुष अब सिर्फ बेसिक जैकेट्स या सिंपल स्वेटशर्ट्स तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे कॉर्डुओरॉय, वूल ब्लेंड्स और फलालैन जैसे रिच और क्लासिक फैब्रिक्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। ये तीन फैब्रिक्स न केवल गर्माहट प्रदान करते हैं, बल्कि लुक में एक खास टेक्सचर, गहराई और एलिगेंस भी जोड़ते हैं। आइए जानें कि कैसे ये पारंपरिक फैब्रिक्स आधुनिक पुरुषों की अलमारी का मुख्य हिस्सा बन चुके हैं।

### विंटेज वाइब और मॉडर्न कट कॉर्डुओरॉय में



70 और 80 के दशक का लोकप्रिय कपड़ा 'कॉर्डुओरॉय' एक बार फिर फैशन चार्ट्स पर सबसे ऊपर है। इसकी विशिष्ट रिब्ड बनावट इसे अन्य कपड़ों से अलग और अनोखा बनाती है। कॉर्डुओरॉय ट्राउज़र्स और शर्ट्स आजकल कैजुअल और स्मार्ट-कैजुअल दोनों लुक्स के लिए बेहद पसंद किए जा रहे हैं। अर्थ-टोन्स जैसे - कैरामेल, ऑलिव ग्रीन, मस्टर्ड और डार्क ब्राउन - कॉर्डुओरॉय में सबसे ज्यादा आकर्षक लगते हैं। अगर आप पहली बार इसे ट्राई कर रहे हैं, तो एक न्यूट्रल कलर की कॉर्डुओरॉय ओवेशन शर्ट को प्लेन वाइट टी-शर्ट और डेनिम के साथ लेयर करें।

# साटन ब्लाउज सिलवाते समय न करें ये गलतियां, लुक हो जाएगा खराब



साड़ी हो या लहंगा और या तो फिर शरारा आउटफिट। लगभग सभी के साथ आजकल ब्लाउज को स्टाइल किया जा रहा है। इनमें साटन के ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। देखने में साटन का फैब्रिक बेहद क्लासी लुक देने में मदद करता है।

कई बारी हमें फैब्रिक की जानकारी कम होने के कारण ब्लाउज सिलवाते समय हम कई छोटी-बड़ी गलतियां कर देते हैं, जिसका असर हमें बाद में नजर आता है। अक्सर हमारे ब्लाउज की फिटिंग बार-बार करने से भी परफेक्ट लुक नहीं आ पाती है।

दरअसल ब्लाउज को सही फिटिंग देने के लिए आपको सबसे पहले अपनी बॉडी टाइप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को समझना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप कोशिश करें कि ब्लाउज के अंदर कप्स का इस्तेमाल जरूर ही करें। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो कप्स के लिए पतले मटेरियल का इस्तेमाल करें। अक्सर हमारा साइज बढ़ता ओए घटता है, लेकिन अगर ब्लाउज के अंदर एक्स्ट्रा फैब्रिक यानी मार्जिन छोड़ा गया होगा तो आप आसानी से उसके साइज को एडजस्ट कर सकती हैं।

इसके अलावा कई फैब्रिक पहली बारी धोने के बाद हल्के से बदल जाते हैं यानी की श्रिंक हो जाते हैं, जिसके कारण आपको इसे कैरी करने में परेशानी हो सकती है और इसी के कारण कपड़ा फट सकता है।

इसके लिए आपको ब्लाउज बनवाते समय अंदर कम से कम 1 से 2 इंच का मार्जिन जरूर छोड़ना चाहिए।

# अपने फेसकट के मुताबिक चुने सनग्लासेस

चश्मा चुनते समय हमेशा अपने चेहरे का ध्यान जरूर रखें। इससे आपका लुक परफेक्ट नजर आता है। आपका फेस जैसा है आप उसके मुताबिक डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

### कैट आई सनग्लासेस

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के सनग्लासेस मिलेगें। लेकिन आपको वही खरीदना चाहिए, जो आपके फेस कट पर अच्छा लगे। ऐसे में आप लंबे फेस के लिए कैट आई सनग्लासेस खरीद सकती हैं। ये लंबे फेस वाले लोगों पर काफी अच्छा लगता है। आजकल काफी ट्रेंड में भी है इसमें आपको पतले फ्रेम वाला चश्मा भी मिल जाएगा। इसी के साथ आप चाहे तो चौड़े फ्रेम वाला सनग्लासेस भी खरीद सकती हैं। आजकल इनमें कलर भी अलग-अलग तरह के मिल जाते हैं जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के सनग्लासेस आपको मार्केट में 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

### राउंड सनग्लासेस

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें फंकी लुक क्रिएट करना पसंद होता है अगर आप भी इस तरीके के लुक को पसंद करती हैं और आपका फेस कट लंबा है तो



इसके लिए आप राउंड सनग्लासेस (सनग्लासेस फॉर फेस) ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के चश्मे भी काफी अच्छे लगते हैं। आप इन्हें ट्रिप पर जाते समय या फिर डे आउटिंग पर वियर कर सकती हैं। इस तरीके के सनग्लासेस सबसे ज्यादा अच्छे वेस्टर्न वियर के साथ अच्छे लगते हैं।

इसमें आपको अलग-अलग कलर मिल जाएंगे। जैसे- ब्लैक, ब्लू, येलो वैगरल। आप चाहे तो इसमें पतला और चौड़ा फ्रेम खरीद सकती हैं। इस तरीके चश्में के साथ आप हेयर स्टाइल को कुछ यूनिक रख सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

**फैशन डिजाइनिंग में डेटा, 3 डी सिमुलेशन और जनरेटिव एआई का हो रहा इस्तेमाल**

# डिजिटलीकरण और एआई के दौर में बदल रही फैशन डिजाइनिंग, ट्रेंडिंग टूल्स और तकनीक ने मचा दिया तूफान

फैशन की दुनिया हमेशा से नवीनता और रचनात्मकता की प्रतीक रही है, लेकिन आधुनिक दौर में तकनीक और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने इसे एक बिल्कुल नया आयाम दिया है। आज फैशन केवल कपड़े सिलने या स्केच बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह डेटा, 3डी सिमुलेशन और जनरेटिव एआई का एक बेहतरीन संगम बन चुका है। आधुनिक फैशन डिज़ाइनर्स, ई-कॉमर्स ब्रांड्स और बुटीक अब पारंपरिक तरीकों के बजाय एडवांस्ड डिजिटल टूल्स का सहारा ले रहे हैं, जिससे समय और संसाधनों की भारी बचत हो रही है। फैशन इंडस्ट्री में तहलका मचा रहे उन प्रमुख ट्रेंडिंग टूल्स के बारे में आपको भी जानना चाहिएजो डिज़ाइनिंग से लेकर मार्केट ट्रेंड्स तक सब कुछ बदल रहे हैं।



### सीएलओ 3डी बना सिलाई और फिटिंग का डिजिटल मास्टर

3डी गारमेंट सिमुलेशन के क्षेत्र में सीएलओ 3डी को फैशन इंडस्ट्री का सबसे पसंदीदा और प्रभावशाली टूल माना जाता है। यह सॉफ्टवेयर डिज़ाइनर्स को बिना वास्तविक कपड़ा काटे या सीले, डिजिटल अवतार पर फैब्रिक का सटीक ड्रैपिंग (लटकाव), टेक्सचर और बॉडी फिटिंग देखने की सुविधा देता है। इसमें कपड़े के खिंचाव और उसके व्यवहार को वास्तविक समय में देखा जा सकता है, जिससे सैंपल बनाने की लागत और समय में भारी कमी आती है।

बड़े ब्रांड्स का पसंदीदा सिमुलेशन प्लेटफॉर्म है ब्राउज वियर (वी. स्टीचर) वैश्विक फैशन ब्रांड्स और सप्लाई चेन मैनेजर्स के लिए ब्राउज वियर एक अनिवार्य टूल बन चुका है। इसका मुख्य सॉफ्टवेयर वी. स्टीचर डिज़ाइनरों को 2डी पैटर्न को अत्यंत सटीक 3डी परिधानों में बदलने की अनुमति देता है। यह टूल न केवल सिलाई और फिटिंग की जांच करता है, बल्कि निर्माण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर बर्बादी को रोकता है, जिससे यह सस्टेनेबल (टिकाऊ) फैशन के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनता है।

### स्केच को तुरंत यथार्थवादी पोशाक में बदलने में माहिर हैं न्यूआर्क.एआई और स्टी ट्रिक्स

जनरेटिव एआई के क्षेत्र में न्यूआर्क.एआई और स्टी ट्रिक्स जैसे टूल्स ने क्रांति ला दी है। ये प्लेटफॉर्म डिज़ाइनर द्वारा बनाए गए एक साधारण रफ स्केच या लिखे गए सुझावों को कुछ ही सेकंड में हाई-क्वालिटी, रियलिस्टिक और फोटोग्राफिक फैशन गारमेंट्स में बदल देते हैं।

